- 6 राज्य
- 2 केंद्रशासित प्रदेश
- 22 संस्करण

राजधानी ••
वर्ष 22 | अंक 145 | पृष्ठ : 18
मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
मंगलवार, 3 सितंबर 2024
भाद्रपद अमावस्या
विक्रम संवत-2081


अध्ययन **आईपीओ में मिले शेयर एक हफ्ते में बेच देते हैं 54 फीसदी निवेशक**...कारोबार

दिल्ली-एनसीआर





**SHOWROOMS: DELHI-NCR: SOUTH DELHI:** RENAULT **BHIKAJI CAMA** Ph: 7428190235, RENAULT **MATHURA ROAD** Ph: 7428201764. **WEST DELHI:** RENAULT **MAYAPURI** Ph: 7290039351. **NORTH DELHI:** RENAULT **DELHI NORTH (AZADPUR)** Ph: 9289631442. RENAULT **GHAZIABAD CITY** Ph: 9319994356. **GURUGRAM:** RENAULT **SECTOR 61** Ph: 9311700637, RENAULT **SOHNA ROAD** Ph: 7428190234. RENAULT **FARIDABAD** Ph: 8860681876. **NOIDA:** RENAULT **(SECTOR 2)** Ph: 7290041479, **(SECTOR 63)** Ph: 7603976213. RENAULT **REWARI** Ph: 9643335838. RENAULT **ROHTAK CITY** Ph: 9311700651. RENAULT **SONIPAT** Ph: 9289631444. RENAULT **HAPUR** Ph: 8448890314. RENAULT **BULANDSHAHR** Ph: 8448890316.

**आज के कार्यक्रम**

**नाटक**
- **मंडी हाउस :** अभिमंच सभागार में शाम 7 बजे से नाटक अंधा युग का मंचन।

**नृत्य और संगीत**
- **स्टीन ऑडिटोरियम :** शाम 7 बजे से नाट्य कथा कृष्णा का आयोजन, संगीतमय प्रस्तुति देखने को मिलेगी।

**प्रदर्शनी**
- **इंडिया हैबीटेट सेंटर :** कन्वेंशन सेंटर फॉयर में सुबह 11 बजे से समकालीन कलाकारों की सामूहिक प्रदर्शनी लगेगी।


**कविता**
- **सीडी देशमुख सभागार :** शाम 7 बजे से पंजाबी कविताओं का गायन होगा, प्रवेश निशुल्क।

**आपकी आवाज**
किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।
ईमेल
sshukla@del.amarujala.com
व्हाट्सएप करें
9873687563

# अब वाहनों की संख्या को देखकर रंग बदलेगी सिग्नल लाइट

## जिस तरफ वाहन ज्यादा होंगे उस तरफ लाइट ज्यादा रहेगी ग्रीन, दिल्ली पुलिस ने गृहमंत्रालय को भेजी फाइल, त्रिवेंद्रम की कंपनी तैयार कर रही है डीपीआर

पुरुषोत्तम वर्मा



**नई दिल्ली।** दिल्ली वासियों के लिए एक अच्छी खबर है। अब दिल्लीवासियों को सिग्नल पर जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिस तरफ(कैरिज्वे) वाहनों की संख्या ज्यादा होगी उस तरफ की लाइट ज्यादा देर तक ग्रीन रहेगी।

इतना ही नहीं जिस तरफ वाहन ज्यादा होंगे उस तरफ की लाइट अपने आप हरी हो जाएगी। ये सब अनुकूली यातायात नियंत्रण (एडेप्टिव ट्रैफिक कंट्रोल) से संभव होगा। दिल्ली पुलिस ने इसकी फाइल केंद्रीय गृहमंत्रालय को भेजी है। दिल्ली पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मंत्रालय से जल्द ही अनुमति मिलने की संभावना है।

दिल्ली यातायात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यातायात पुलिस दिल्ली में काफी इंटेलीजेंस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम(आईटीएमएस) लाने की तैयारी कर रही है। एक अधिकारी ने बताया कि शुरूआत में यातायात पुलिस एडेप्टिव ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम ला रही है। इस पर त्रिवेंद्रम की सरकारी कंपनी सी-डेक डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट(डीपीआर) तैयार कर रही है। दिल्ली पुलिस ने इस सिस्टम को हरी झंडी देने के लिए कुछ दिन पहले केंद्रीय गृहमंत्रालय को फाइल भेजी है।

यातायात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने केंद्रीय गृहमंत्रालय को फाइल भेजने की पुष्टि करते हुए बताया कि जल्द ही इस सिस्टम को राजधानी में लागू किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, एडेप्टिव ट्रैफिक कंट्रोल को फिलहाल दिल्ली के 37 कॉरिडोर पर लागू किया जाएगा। इन कॉरिडोर पर सफलता मिलने के बाद इस सिस्टम को पूरी दिल्ली में लागू किया जाएगा। इसके लागू होने के बाद दिल्ली में लाइट सिग्नल ऑटोमेटिक मोड में काम करेंगे।

### यातायात पुलिसकर्मी तैनात करने की जरूरत नहीं होगी

एक यातायात पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस सिस्टम के लागू होने के बाद दिल्ली की यातायात व्यवस्था में काफी सुधार आ जाएगा। वाहन चालकों को लाइट पर ज्यादा देर तक जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही लाइट सिग्नल के ऑटोमेटिक मोड में जाने से यातायात पुलिसकर्मियों को तैनात करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसे में लाइट सिग्नल पर तैनात पुलिसकर्मियों को दिल्ली में दूसरी जगहों पर तैनात किया जाएगा। इससे दिल्ली के अंदर के यातायात में भी सुधार आएगा।

### दिल्ली यातायात पुलिस की पुरानी योजना है

आईटीएमएस दिल्ली यातायात पुलिस की बहुत ही पुरानी योजना है। अब इस सिस्टम को लागू करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। शुरूआत में जिन कॉरिडोर पर एडेप्टिव ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम लागू किया जाना है उनकी पहचान कर ली गई है।

### नियम तोड़ने पर होंगे चालान

दिल्ली पुलिस अधिकारियों के अनुसार ये सिस्टम जहां लाइट सिग्नल को ऑटोमेटिक मोड पर चलाएगा वहीं इससे सभी तरह के चालान भी होंगे। लाल बत्ती का उल्लंघन, तेज रफ्तार गाड़ी चलाने, लेन का उल्लंघन आदि सभी तरह के चालान हो सकेंगे।

### सुबह बारिश के बाद भी उमस ने किया परेशान

**नई दिल्ली।** राजधानी में सोमवार सुबह बारिश हुई, इससे कुछ देर के लिए लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग की मानक वेधशाला सफदरजंग में शाम साढ़े पांच बजे तक 23 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इससे अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम रहा।

वहीं, मौसम विभाग ने मंगलवार के बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। साथ ही हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने का अनुमान है। इससे अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। रिज इलाका सर्वाधिक गर्म रहा। ब्यूरो

# मेट्रो : तीन नए कॉरिडोर पर होगा काम, कनेक्टिविटी होगी मजबूत

## दिल्ली से नोएडा सेक्टर-142, समयपुर बादली से कुंडली व कुंडली से सोनीपत के लिए बनाए जाएंगे कॉरिडोर

धनंजय मिश्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की कनेक्टिविटी एनसीआर में और मजबूत होगी। इसके लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने काम तेजी से शुरू कर दिया है। तीन नए कॉरिडोर तैयार करने के लिए मेट्रो टोपोग्रॉफी (स्थलाकृतिक) सर्वे कराएगी। इसके लिए निविदा भी जारी कर दी गई है।

यह कॉरिडोर दिल्ली से नोएडा सेक्टर-142, समयपुर बादली से कुंडली और कुंडली से सोनीपत के लिए बनाए जाएंगे। इन कॉरिडोर निर्माण हो जाने से नोएडा में मेट्रो की कनेक्टिविटी और बढ़ जाएगी। साथ ही दिल्ली से सोनीपत के लिए आवाजाही करने वालों को बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि सोनीपत में पहली बार मेट्रो की सेवा शुरू होगी।

मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, टोपोग्रॉफी सर्वे की मदद से तीनों कॉरिडोर के लिए व्यावहारिकता का अध्ययन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। निविदा आवंटित होने के बाद 12 महीने में कार्य पुरा करना है। इसके बाद डीएमआरसी निर्माण से संबंधित आगे की प्रक्रिया शुरू करेगी। प्रस्तावित कॉरिडोर में से सोनीपत जाने वाला कॉरिडोर दिल्ली में मेट्रो की येलो लाइन से जुड़ेगा। यह कॉरिडोर येलो लाइन के अंतिम मेट्रो स्टेशन समयपुर बदली से हरियाणा बॉर्डर कुंडली तक 15 किलोमीटर तक होगा। इसके बाद कुंडली से सोनीपत के लिए 20 किलोमीटर का कॉरिडोर अलग से बनेगा। इस कॉरिडोर के बन जाने के बाद यात्री गुरुग्राम से सीधा सोनीपत जा सकेंगे। साथ ही सोनीपत के आने वाले यात्री दिल्ली या फिर गुरुग्राम जा सकेंगे।

### 2026 में एयरोसिटी-तुगलकाबाद और मजलिस पार्क-मौजपुर कॉरिडोर पूरा करने का लक्ष्य

#### तीन कॉरिडोर पर चल रहा काम

- मौजूदा समय में दिल्ली मेट्रो अपने फेज-4 के तहत तीन कॉरिडोर पर काम कर रहा है। 2019 में लगभग 65 किलोमीटर की लंबाई के तीन कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दी गई थी। लगभग 24,950 करोड़ की लागत से एयरोसिटी- तुगलकाबाद, आरके आश्रम मार्ग-जनक पुरी पश्चिम और मजलिस पार्क- मौजपुर कॉरिडोर का काम चल रहा है। इसमें आरके आश्रम-जनकपुरी पश्चिम कॉरिडोर काम लगभग पूरा कर लिया गया है। इसे इस माह शुरू करने की योजना है। वहीं एयरोसिटी- तुगलकाबाद और मजलिस पार्क- मौजपुर कॉरिडोर 2026 में पूरा करने का लक्ष्य है।

#### नोएडा और दक्षिणी दिल्ली वालों को होगा फायदा

तुगलकाबाद से नोएडा सेक्टर-142 तक 15 किलोमीटर तक मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस कॉरिडोर से दक्षिणी दिल्ली और नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे के आसपास रहने वाले लोग यात्रा करेंगे। यात्री नोएडा से पहले तुगलकाबाद मेट्रो स्टेशन तक पहुंचेगे। यहां दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में जाने के लिए मेट्रो की कनेक्टिविटी मिलेगी ही साथ में आईजीआई एयरपोर्ट जाने के लिए भी कनेक्टिविटी मिलेगी। यात्री तुगलकाबाद मेट्रो स्टेशन से निर्माणाधीन डीएमआरसी के फेज-4 की तुगलकाबाद-एयरोसिटी लाइन से होकर आईजीआई पहुंच सकेंगे।



#### दिल्ली से सटे हरियाणा के सभी जिलों से जुड़ेगी मेट्रो

- *हरियाणा के चार जिले दिल्ली से सटे हुए हैं। इसमें फरीदाबाद, गुरुग्राम, झज्जर और सोनीपत शामिल है। इसमें सोनीपत छोड़कर सभी जिलों से दिल्ली मेट्रो जुड़ी हुई है। सोनीपत में मेट्रो शुरू हो जाने से दिल्ली से सटे हरियाणा के सभी जिलों में मेट्रो की कनेक्टिविटी हो जाएगी।*

### जम्मू मेल अब हुई सुपरफास्ट, सूबेदारगंज तक चलेगी

**नई दिल्ली।** जम्मू मेल अब सूबेदारगंज तक चलेगी। इस ट्रेन की औसत रफ्तार को भी बढ़ाकर मेल की जगह सुपरफास्ट की श्रेणी में लाया गया है। लिहाजा इस ट्रेन से सफर करना थोड़ा महंगा हो जाएगा। रेलवे बोर्ड ने जम्मू मेल को श्री माता वैष्णो देवी कटरा से सूबेदारगंज तक चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन पहले पुरानी दिल्ली जंक्शन-श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच चलती थी। इस ट्रेन का प्राथमिक रखरखाव अब दिल्ली की जगह सूबेदारगंज में ही किया जाएगा।

ट्रेन संख्या 14033/14034 जम्मू मेल 5 सितंबर से सूबेदारगंज से कटरा के लिए चलेगी और कटरा से यह ट्रेन 4 सितंबर से चलेगी। विस्तारित रूट पर यह ट्रेन छपियाना, बुजुर्ग, अलीगढ़, टूंडला, गोविंदपुरी, फतेहपुर स्टेशन पर ठहरेगी। यह ट्रेन 653.39 किलोमीटर की जगह 1279.05 किलोमीटर का सफर तय करेगी। 49.62 किलोमीटर प्रतिघंटा की जगह 60.19 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेगी। ब्यूरो

# एम्स का एआई मोबाइल एप पकड़ेगा आंखों में सफेदी

## एप में मरीज को अपनी आंख की फोटो अपलोड करनी होगी

**नई दिल्ली।** एम्स का एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) आधारित मोबाइल एप आंखों में सफेदी (कार्नियल ओपेसिटी) को कुछ पल में ही पकड़ लेगा। इस एप में मरीज को अपनी आंख की फोटो अपलोड करनी होगी। फोटो अपलोड होने के बाद एप उक्त छवि का विश्लेषण करेगा। उसके बाद मरीज को बता देगा कि कार्निया प्रत्यारोपण की जरूरत है या नहीं। अभी तक इस रोग को पकड़ने के लिए मरीज को लंबे समय तक रेडियोलाजी जांच से गुजरना पड़ता था।

एम्स के डॉक्टरों की माने तो आरपी सेंटर में एआई आधारित एक मोबाइल एप विकसित किया गया है। एप विकसित करने के बाद इसका अध्ययन किया गया। इसमें पाया गया कि यह एप कार्निया प्रत्यारोपण के योग्य मरीजों की पहचान करने में 94.59 फीसदी सटीक है। इसकी मदद से कार्निया प्रत्यारोपण में सुधार व बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। खासकर ऐसे मरीजों के लिए जो जांच के लिए बड़े सेंटर तक नहीं जा सकते। वह स्मार्ट फोन में इस एप को डाउनलोड कर खुद की जांच कर सकते हैं।

एम्स के आरपी सेंटर की प्रोफेसर डॉ. राधिका टंडन का कहना है कि रोग की पहचान के लिए एआई आधारित एलोरिदम तैयार किया गया है। उसी के आधार पर मोबाइल एप तैयार कर उससे जोड़ दिया गया। एप बनने के बाद 2000 मरीजों की आंखों की तस्वीर लेकर अपलोड किया गया। इस अध्ययन में पाया गया कि 94.59 फीसदी मामलों में एप ने सटीक जानकारी दी। इसके अलावा मरीजों की सुविधा के लिए राष्ट्रीय नेत्र बैंक दिल्ली और एनसीआर के सभी सरकारी अस्पतालों का एक नेटवर्क स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। ब्यूरो

### एक वर्ष में 1703 मरीजों को एम्स ने दी रोशनी

एम्स के आरपी सेंटर के प्रोफेसर डॉ. तुषार अग्रवाल का कहना है कि साल 2023-24 में राष्ट्रीय नेत्र बैंक में 2000 से अधिक कार्निया एकत्रित किए गए। यह पिछले तीन सालों में सबसे ज्यादा है। यही कारण है कि 1703 मरीजों की कार्निया प्रत्यारोपण सर्जरी हुई। दान में एकत्रित 85 फीसदी कार्निया का प्रत्यारोपण में इस्तेमाल किया जा सका।

#### छह लोगों को मिल सकती है रोशनी

डॉ. तुषार का कहना है कि कार्निया में छह परत होती है। कई मरीजों को कार्निया के सिर्फ एक परत के प्रत्यारोपण की जरूरत होती है। एक कार्निया से तीन लोगों को प्रत्यारोपण हो सकता है। इसलिए एक व्यक्ति के दोनों कार्निया दान से छह लोगों की आंखों को रोशनी मिल सकती है। डॉक्टरों का कहना है कि देश में हर वर्ष करीब एक लाख लोगों को कार्निया प्रत्यारोपण की जरूरत होती है, लेकिन 35-40 हजार लोगों को ही प्रत्यारोपण हो पाता है।


#### 12 साल से कम उम्र के बच्चों को प्राथमिकता

कार्निया प्रत्यारोपण के लिए 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्राथमिकता दी जाती है। जिन मरीजों की कार्निया प्रत्यारोपण सर्जरी की गई, उनमें 40 फीसदी मरीजों की आखों में अल्सर था। 29.35 प्रतिशत मरीजों की आंख में चोट के कारण कार्निया खराब होने से रोशनी चली गई थी। पिछले 58 वर्षों में राष्ट्रीय नेत्र बैंक (एनईबी) ने अभी तक 32 हजार से अधिक कार्निया एकत्र किया।

# बिभव कुमार को जमानत, मुख्यमंत्री आवास जाने पर रोक

**मालीवाल पर हमले का मामला**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हमले के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार को जमानत दे दी है। लेकिन उनकी न तो मुख्यमंत्री के निजी सचिव के रूप में बहाली होगी और न ही मुख्यमंत्री कार्यालय में ही कोई पद दिया जाएगा। मुख्यमंत्री आवास पर उनका प्रवेश भी प्रतिबंधित रहेगा। मालीवाल आम आदमी पार्टी की सांसद हैं।



**सीएम ऑफिस में किसी पद पर बहाली भी नहीं**

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि इसमें कोई विवाद नहीं है कि जांच पूरी हो चुकी है और आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। जमानत दिए जाने के मुद्दे पर विचार करते हुए हम पाते हैं कि अभियोजन की तरफ से 51 से अधिक गवाह हैं, जिनके बयान दर्ज होने हैं। 13 मई को सीएम आवास में मालीवाल पर हुए हमले में बिभव कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था।

दिल्ली पुलिस की तरफ से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जमानत याचिका का विरोध किया। इस पर पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता 100 दिन से हिरासत में है। चोटें साधारण हैं। जांच पहले ही पूरी हो चुकी है इसलिए सबूतों से छेड़छाड़ या जांच में बाधा उत्पन्न करने की आशंका नहीं है। आपको जमानत का विरोध नहीं करना चाहिए। ऐसे मामले में किसी व्यक्ति को जेल में नहीं रख सकते। ब्यूरो

# राहुल गांधी ने डीटीसी बस में सफर कर जानीं कर्मियों की समस्याएं

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर दिल्ली की आप सरकार को घेरा। कहा कि डीटीसी कर्मी भारी मन से पूछ रहे हैं- हम नागरिक पक्के तो नौकरी कच्ची क्यों।

उन्होंने कहा कि जो लोग हर दिन लाखों यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाते हैं, उन्हें बदले में केवल अन्याय का सामना करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि आप और कांग्रेस दोनों ही विपक्षी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। राहुल ने पिछले सप्ताह डीटीसी की बस में सफर कर ड्राइवर,



कंडक्टर और मार्शल से बातचीत की और उनकी परेशानियां जानीं।

सोमवार को उन्होंने इसका वीडियो सोशल मीडिया में साझा किया। एक लंबी पोस्ट में राहुल ने कहा, कुछ दिनों पहले दिल्ली में सुखद बस यात्रा के अनुभव के साथ डीटीसी कर्मचारियों की दिनचर्या और समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा, न सामाजिक सुरक्षा, न स्थिर आय और न ही स्थायी नौकरी। ठेके पर मजदूरी ने बड़ी जिम्मेदारी के काम को मजबूरी के मुकाम पर पहुंचा दिया है। ड्राइवर-कंडक्टरों को अनिश्चितता के अंधेरे में जीने को मजबूर किया जा रहा है।

यात्रियों की सुरक्षा के लिए लगातार तैनात होमगार्ड छह महीने से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, इस उपेक्षा से त्रस्त होकर देशभर के सरकारी कर्मचारियों की तरह डीटीसी कर्मचारी भी लगातार निजीकरण के डर के साये में जी रहे हैं। एजेंसी



**मौसम हुआ कूल...**

**सोमवार को दिल्ली में सुबह से ही बादल बरसने लगे। दिन में ही छाने लगा हलका-हलका अंधेरा। लोग बारिश से अलग-अलग तरह बचाव करते नजर आए। यह नजारा नई दिल्ली के तालकटोरा रोड का है।**
**-भूपिंदर सिंह**

# योग के सहारे जल्द ठीक हो रही रीढ़ की हड्डी की गंभीर चोट

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** योग के सहारे रीढ़ की हड्डी में लगी गंभीर चोट की रिकवरी तेजी से होती है। साथ ही उन अंगों में भी जान आने की संभावना बढ़ जाती है, जिसे लेकर डॉक्टर आशंकित रहते हैं। स्पाइन सर्जन के शोध बताते हैं कि योग की मदद से ऐसे अंग भी काम करना शुरू कर देते हैं, जिन पर उम्मीद कम रहती है।

विशेषज्ञों का कहना है कि चोट के दौरान यदि स्पाइनल कोड व मस्तिष्क में सेल प्रभावित हो जाते हैं तो उन्हें फिर से जीवित नहीं किया जा सकता। ऐसे में संबंधित अंग काम करना बंद कर देते हैं। लेकिन कुछ मामलों में देखा गया है कि गंभीर चोट लगने के बाद भी मरीज यदि इलाज के साथ योग को जोड़ता है तो सुधार के परिणाम काफी बेहतर होते हैं। स्पाइन सर्जन डॉ. एचएस छाबड़ा बताते हैं कि उनके पास एक गंभीर मामला आया था। 24 जुलाई 2022 को लद्दाख में ट्रैकिंग कर रहे 29 साल के फिल्म निर्माता फैबियन लेंट्सच पैराग्लाइडिंग करते हुए गंभीर दुर्घटना के शिकार हुए। उन्हें 27 जुलाई को एयरलिफ्ट कर दिल्ली लाया गया। यहां उसी रात उनकी सर्जरी की गई, लेकिन हालत देखकर नहीं लगा कि ज्यादा सुधार होगा। उनके पीठ के मध्य में एक कशेरुका फट गई। इस कारण उनकी रीढ़ की हड्डी दब गई। उन्होंने कहा कि सर्जरी के बाद उनमें सुधार देखा गया। उन्होंने इलाज के साथ योग को भी शामिल किया। अब करीब दो साल बाद वह बैसाखी के सहारे चलने लगे हैं। साथ ही वह तैराकी के लिए गोताखोरी तक कर पा रहे हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि आने वाले दिनों में शरीर में और सुधार होगा। उनका कहना है कि डॉक्टरों की देखरेख में उपयुक्त योग क्रिया करना काफी फायदेमंद साबित होता है।

**सर्जरी के बाद रिकवरी में लगता है लंबा समय**

### घर-घर जाकर होगी कुष्ठ रोगियों की पहचान, मौके पर ही मिलेगा इलाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान की जाएगी। साथ ही पहचान होने पर घर पर ही इलाज दिया जाएगा। ऐसे मरीजों की पहचान के लिए दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन ने सोमवार से अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान 15 सितंबर तक चलेगा।

दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी ने बताया कि मरीजों की पहचान के लिए प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की टीम बनाई गई है। यह टीम ऐसे क्षेत्रों का दौरा करेगी जहां ऐसे मरीज मिलने की आशंका है। इस अभियान के माध्यम से दिल्ली में ऐसे सभी रोगियों की पहचान कर उन्हें पूरी तरह से ठीक करना है। रोग ठीक होने के बाद दिल्ली से कुष्ठ रोग को समाप्त करने में मदद मिल सकेगी।

विभाग ने दिल्लीवालों से अपील की है कि घर-घर आने वाली चिकित्सा टीमों से मुफ्त स्क्रीनिंग करवाए। इस टीम को घर-घर की जाने वाली जांच के अलावा, दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन ने एक स्व-परीक्षण टूल भी बनाया है। मरीजों की सुविधा के लिए एक क्यूआर कोड के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है। ब्यूरो

**आस्था** | ग्राहकों की मांग के हिसाब से तैयार होती हैं मूर्तियां, भगवान की छोटी-बड़ी मूर्तियां कर रही हैं मोहित

# बाजारों में ईको फ्रेंडली गणपति की मूर्तियों की मांग बढ़ी

नितिन राजपूत

**नई दिल्ली।** गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया...। गणेश चतुर्थी पर इस बार गणपति बप्पा लोगों के इको फ्रेंडली दोस्त बनेंगे। बाजारों में लाल बाग के राजा की इको फ्रेंडली यानी कि पर्यावरण अनुकूल मूर्ति की मांग 50 फीसदी बढ़ गई है।

मूर्ति इस प्रकार तैयार की जा रही है, कि विसर्जन के दस मिनट बाद ही पानी में घुल जाए, ताकि पर्यावरण को भी नुकसान न हो। सबसे खास बात यह हैं कि छोटी मूर्तियों को घर में टब में पानी भरकर विसर्जित किया जा सकेगा। यह बप्पा की मौजूदगी को और भी खास बनाएगी। भगवान गणेश की छोटी-बड़ी मूर्तियां भक्तों को मोहित कर रही हैं। इन मूर्तियों में किसी में बप्पा मोर पर सवार दिख रहें हैं तो किसी में नंदी के ऊपर सवार है। कई मूर्तियों को देख यूं लग रहा हैं कि मानो विघ्नहर्ता अभी बोल उठेंगे।

गणेश चतुर्थी से पहले इस वक्त दिल्ली के बाजारों में लोग बप्पा की मूर्ति, पंडाल, सिंहासन, मोदक समेत अन्य सामानों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। नंगली डेयरी, सरोजिनी नगर, सागरपुर, मॉडल टाउन, इंद्रपुरी, आरके पुरम समेत राजधानी के अन्य बाजारों में इन मूर्तियों को तैयार किया जा रहा है। दिल्ली ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान समेत अन्य राज्यों के लोग इन इको फ्रेंडली मूर्तियों की अधिक मांग कर रहे है।

सागरपुर में इको फ्रेंडली मूर्ति तैयार कर रही सीता ने बताया कि इन मूर्तियों के विसर्जन से जल में रहने वाले जीवों को कोई नुकसान नहीं होगा। इससे पहले शहर में प्लास्टर और पेरिस की मूर्तियों की बिक्री हुआ करती थी, जिनके तालाबों में विसर्जन पर प्रशासन ने प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद इको फ्रेंडली मूर्तियों का चलन बढ़ा है। इस बार इको फ्रेंडली मूर्तियों की मांग पहले की तुलना में 50 फीसदी बढ़ी है।



भगवान गणपति की मूर्ति को अंतिम रूप देता कलाकार। अमर उजाला

### गंगा से निकली मिट्‌टी से देते हैं बप्पा को आकार

पश्चिम बंगाल की मिट्‌टी व मध्य प्रदेश की लकड़ी से बने भगवान गणेश दिल्ली में विराजमान होंगे। मूर्तियां बनाने में चार प्रकार की मिट्‌टी, पराली और अन्य सामग्री का उपयोग करते हैं। ये कलाकार कलकत्ता से गंगा से निकली मिट्‌टी लेकर आए हैं। लकड़ी और बांस मध्य प्रदेश के खंडवा और खरगोन से लाए हैं। इनके पास 10 फुट से ऊंची मूर्तियां हैं। एक फुट की मूर्ति की कीमत 500 रुपए है। 3.5 फुट की मूर्ति की कीमत छह हजार और सात फुट की मूर्ति की कीमत 12 हजार है।

### पूरा परिवार गणपति को संवारने में जुटा

सरोजिनी नगर में 14 साल की उम्र से बप्पा की मूर्ति को अंतिम रूप दे रही दामिनी ने बताया कि पूरा परिवार दिन-रात मूर्ति बनाने में जुटा हुआ है। विघ्नहर्ता के नैन नक्श को बनाने में सबसे ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ उनके आसन को भी विशेष बनाया जा रहा है। इस बार छोटी मूर्तियों की भी मांग है, क्योंकि अब घर घर में लोग भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित करते हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा व उत्तर प्रदेश के लोग मूर्ति खरीदने आते हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि उनके पास बप्पा की विभिन्न प्रकार की मूर्ति मौजूद हैं। इनमें भगवान गणेश मोर, नंदी, घोड़े व सिंहासन पर विराजमान हैं, तो किसी में वह नाचते व खाते हुए दिख रहे हैं।

- ***4 इंच से लेकर दस फुट तक की प्रतिमाएं मौजूद :*** *नजफगढ़ के नंगली डेयरी के पास स्थित मूर्ति बना रहे मूर्तिकार भोले ने बताया कि गणपति बप्पा की मूर्ति में हर बार की तरह इस बार भी लाल बाग के राजा, अष्टविनायक, अमरावती के गणेश, सिद्धि विनायक, बाल गणेश, श्रृंगार गणेश, पगड़ी वाले गणेश की मांग है। चार इंच से लेकर 10 फीट तक की मूर्तियां तैयार की गई हैं। इनकी कीमत तीन सौ रुपये से 15 हजार रुपये तक है। विभिन्न प्रकार की मिट्‌टी के साथ नारियल के बुरादे को मिलाकर मूर्तियां तैयार की जा रही है।*

**अमर उजाला**

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com

# कार में युवती की गला रेतकर हत्या

## राजौरी गार्डन इलाके का मामला, भागने के दौरान गश्त कर रहे पुलिसकर्मी ने पकड़ा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजौरी गार्डन इलाके में रविवार देर रात युवक ने कहासुनी के बाद पत्नी मान्या (20) की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद शव को कार में छोड़कर भाग रहा था।

संदिग्ध हालात में आरोपी को भागता देख एक पुलिसकर्मी ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने पत्नी की हत्या करने का खुलासा किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। छानबीन करने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रघुबीर नगर निवासी आरोपी गौतम (21) ने पूछताछ में बताया है कि उसने मार्च महीने में परिवारों की सहमति के बिना मान्या से शादी कर ली थी। लेकिन कोई काम नहीं करने की वजह से दोनों अपने-अपने घर में रह रहे थे। दोनों बाहर एक दूसरे से मिलते थे। इस दौरान मान्या साथ रहने के लिए दबाव बनाने लगी। रविवार रात दोनों इसी मामले पर बातचीत करने के लिए तीतारपुर में मिले। जहां कहासुनी होने पर आरोपी ने चाकू से उसका गला रेत दिया।पश्चिमी जिले के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार देर रात 1:20 बजे ख्याला थाने में तैनात हवलदार अजय ने पुलिस को बताया कि उन्होंने एक व्यक्ति को पकड़ा है, जो बिना शर्ट के संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा था। सूचना मिलते ही राजौरी गार्डन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने दावा किया कि उसने अपनी पत्नी की कार में हत्या कर दी है और शव को कार में छोड़कर भाग रहा था। पुलिस ने शिवाजी कॉलेज के पास खड़ी उसकी कार की जांच की, जिसमें मान्या का लहूलुहान शव पड़ा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उसके बयान की पुष्टि कर रही है।


मान्या। फाइल

### पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

वकील ने बताया कि आरोपी का परिवार लगातार पुलिस की मदद से पीड़ित पक्ष को परेशान कर रहा था। परिवार ने उन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। परिवार का कहना है कि आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के बाद ही वह मान्या के शव का पोस्टमार्टम करवाएंगे। पीड़ित परिवार सोमवार को पुलिस मुख्यालय पहुंचा और आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### अगवा कर जबरन की शादी

पीड़ित परिवार के वकील आशुतोष पांडे ने बताया कि दोनों के शादी करने की जानकारी पीड़ित परिवार को नहीं है। मार्च माह में आरोपी ने पीड़िता को अगवा कर लिया था। आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता के साथ बदसलूकी की और फिर मामले से बचने के लिए उसने जबरदस्ती शादी कर ली। आशुतोष पांडे ने बताया कि मान्या के परिवार में पिता राजू, उसकी मां, दो भाई और तीन बहनें हैं। उसके पिता टेंपो चलाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मार्च माह में पीड़िता के गायब होने के बाद उसके परिवार वालों ने इसकी ख्याला थाने में शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया था। फिर पीड़िता के वापस आने के बाद पुलिस ने उसके बयान पर आरोपी को नाबालिग बताकर पॉक्सो का मामला दर्ज कर लिया। परिवार वालों ने अदालत में इस बात की शिकायत की। जिसके बाद आरोपी ने 16 मई को पश्चिम विहार ईस्ट इलाके में पीड़िता पर चाकू से वार कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। उसका एम्स में इलाज चला। आरोप है कि पश्चिम विहार थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बजाए उसका चालान कर दिया।

## रंजिश में युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**नई दिल्ली।** कल्याणपुरी इलाके में रंजिश में युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने चाकू मारने के बाद पत्थर से उसके सिर को कुचल दिया। जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा था, सोमवार सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की शिनाख्त रोहित के रूप में हुई है। वह कल्याणपुरी के 18 ब्लॉक में रहता था। परिवार में माता-पिता के अलावा चार भाई और एक बहन है। वह कल्याणपुरी बस टर्मिनल के पास लकड़ी की दुकान में काम करता था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह युवक को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। पुलिस ने उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों हमलावरों की पहचान पोली और चंदू के रूप में हुई है। उसके भाई रजनीश ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात को दुकान पर लकड़ियां आई थीं। रोहित लकड़ियों को दुकान में रखवाने के बाद तड़के चार बजे घर आया। फिर सुबह साढ़े दस बजे सार्वजनिक शौचालय जा रहा था। रास्ते में तीन-चार हमलावरों ने घेर लिया। ब्यूरो


रोहित। फाइल




## लाहौरी गेट थाना पुलिस ने गुमशुदा किशोर को परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ली।** लाहौरी गेट थाना पुलिस ने दस साल के गुमशुदा किशोर को ढूंढकर परिवार को सौंप दिया। जांच में सामने आया कि बच्चा टहलने के लिए घर से बाहर आया था, लेकिन घर का रास्ता भूल गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक सितंबर को ई-रिक्शा चालक अपने साथ एक दस साल के लड़के को लाहौरी गेट थाने लाया और पुलिस को सौंप दिया। बच्चे के माता-पिता को ढूंढने के लिए टीम ने एमडब्ल्यूए और आरडब्ल्यूए के सोशल मीडिया समूहों में जानकारी साझा की। स्थानीय इलाकों में पूछताछ की गई। टीम लड़के को शास्त्री पार्क थाना के क्षेत्र में ले गई और ड्यूटी अधिकारी से पूछताछ की, लेकिन वहां कोई गुमशुदगी की रिपोर्ट नहीं मिली। आखिरकार शास्त्री पार्क इलाके में अपने भाई को तलाश रही गुमशुदा लड़के की बहन मिल गई, जिसका दावा था कि वह लड़का उसका भाई है। पुलिस ने लड़की और लापता लड़के की मां द्वारा दिए गए नंबर पर कॉल किया। इसके बाद टीम ने बच्चे को उसकी मां को सौंप दिया। संवाद

## पटाखे के अवैध गोदाम में लगी आग एक की मौत

**नई दिल्ली।** सोनिया विहार इलाके के चौहान पट्टी गांव में सोमवार तड़के पटाखे के अवैध गोदाम में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया।

गोदाम से एक व्यक्ति का झुलसा हुआ शव मिला, जिसकी पहचान नहीं हो पाई है। घटना के बाद से गोदाम को किराए पर लेने वाला जावेद फरार है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार तड़के चार बजे पुलिस को चौहान पट्टी स्थित एक गोदाम में आग लगने की जानकारी मिली। दमकल अधिकारियों ने बताया कि गोदाम में अवैध रूप से पटाखे रखे थे। आग लगते ही पटाखों में धमाका होने लगा और पटाखे दूर-दूर तक गिरे। दमकल कर्मियों ने पांच गाड़ियों की मदद से करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। छानबीन में पता चला कि गोदाम सभापुर गांव निवासी कृष्ण का है। पूछताछ में पता चला कि उसने गोदाम को वजीराबाद निवासी जावेद को किराए पर दिया था। ब्यूरो

**सोनिया विहार इलाके की घटना**

## प्रेमिका की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रणहौला इलाके में हत्या कर आरोपी हो गया था फरार, चित्रकूट से पकड़ा**

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रणहौला इलाके में प्रेमिका की हत्या कर फरार आरोपी को पुलिस ने चित्रकूट से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अपनी प्रेमिका पर दूसरे युवक से संबंध रखने का शक था।

घटना के चार दिन पहले दिल्ली आया था और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। आरोपी मजदूरों का ठेकेदार था और उसकी सात-आठ साल पहले मृतका से मुलाकात हुई थी। महिला अपने पति से अलग रही थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान चित्रकूट, मध्य प्रदेश निवासी अशोक (48) के रूप में हुई है। 29 अगस्त की सुबह 5.30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक मकान में महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस को तीसरी मंजिल पर स्थित कमरे से 28-30 साल की महिला मृत अवस्था में मिली। महिला का गला रेता गया था। महिला की पहचान रानी के रूप में हुई। पूछताछ में मकान मालिक ने बताया कि उसने सात-आठ माह पहले कमरे को राजू गुप्ता को किराए पर दिया था। जिसने कमरे को मृतका रानी और सरोजा नाम की महिला को रहने के लिए दिया था। दोनों को मां-बेटी बताया था। एक अन्य किराएदार ने 29 अगस्त की सुबह मकान मालिक को फोन कर रानी की हत्या की बात बताई। पुलिस की पूछताछ में सरोजा ने पुलिस को बताया कि रानी का पति अशोक चार-पांच दिन पहले आया था। घटना के समय दोनों कमरे में थे जबकि वह बाहर सो रही थी। घटना के बाद से अशोक फरार है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे की जांच की। मृतका रानी के मोबाइल के जरिए आरोपी के मोबाइल नंबर का पता चला, जिसे सर्विलांस पर लगाया गया। जिसके जरिए पुलिस को आरोपी के चित्रकूट में होने की जानकारी मिली। पुलिस की एक टीम को चित्रकूट रवाना किया गया और वहां पर छापामारी कर आरोपी को 31 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया।

## महिला यात्री से पिस्टल बरामद

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर पूर्व मेट्रो स्टेशन पर जांच के दौरान एक महिला यात्री से पिस्टल बरामद हुई है। इसके बाद मामले की जानकारी जनकपुरी मेट्रो पुलिस को दी गई। आरोपी की पहचान मोहन गार्डन निवासी सुशीला देवी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, 1 सितंबर को आरोपी महिला सुरक्षा बिंदु पर आई और बैग जांच मशीन में रखा, जहां पिस्टल बरामद हुई। संवाद












# 12 वार्ड समितियों का चुनाव कल

## मुख्यालय में प्रवेश के लिए पार्षदों को दिखाना होगा पहचान पत्र, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में चार सितंबर को होने वाले 12 वार्ड समितियों के चुनाव में पार्षद समर्थक या परिजन निगम मुख्यालय में नहीं आ सकेंगे। मुख्यालय में प्रवेश से पहले पार्षदों को अपना पहचान पत्र भी दिखाना होगा।

दरअसल, बुधवार को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक 12 वार्ड कमेटियों के लिए चुनाव होना है। इस दौरान हंगामे की आशंका है। इसे देखते हुए चुनाव में केवल पार्षदों व मनोनीत सदस्यों को ही निगम मुख्यालय में प्रवेश देने पर विचार किया गया है। ऐसा होने पर पार्षद के साथ उनके रिश्तेदार या समर्थक नहीं आ पाएंगे। यहीं नहीं निगम मुख्यालय में दूसरे लोगों के लिए वाहन खड़े करने की अनुमति भी नहीं दी जाएगी। पार्षदों और मनोनीत सदस्यों को केवल पहचान पत्र दिखाकर प्रवेश दिया जाएगा। साथ ही जिस वार्ड कमेटी का चुनाव होगा उसमें केवल उस वार्ड कमेटी के सदस्यों को ही बैठने की अनुमति दी जाएगी। ए ब्लाक में केवल चुनाव प्रक्रिया में लगे निगम कर्मियों को ही अनुमति होगी। निगम के मुताबिक उस दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रहेंगे।

दिल्ली पुलिस को भी चुनाव की सूचना दी गई है ऐसे में वह भी अपने कर्मियों की तैनाती अपनी सुविधानुसार करेगी।



### पोलिंग बूथ में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं

एमसीडी के निगम सचिव ने एक दिशा-निर्देश जारी किया है। इसके तहत पार्षदों और मनोनीत सदस्यों से आग्रह किया गया है कि कोई भी प्रत्याशी अपने साथ अपने समर्थक लेकर न आए। किसी भी पार्षद और मनोनीत सदस्य को पोलिंग बूथ में मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। जिस हॉल में वार्ड कमेटी की बैठक चल रही होगी उस समय केवल उसी वार्ड कमेटियों के पार्षदों और मनोनीत सदस्यों को प्रवेश की अनुमति होगी। समय सीमा को ध्यान में रखते चुनाव जीतने के बाद किसी भी नवनिर्वाचित पदाधिकारी के स्वागत और अभिनंदन की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही चुनाव के दौरान मीडिया कर्मियों को भी केवल लाइव फीड देखने की अनुमति होगी। चुनाव हाल में जाने की इजाजत नहीं होगी।

### चुनाव का होगा सीधा प्रसारण

नई दिल्ली। मेयर चुनाव में गड़बड़ी, आप व भाजपा के बीच चल रहे टकराव के मद्देनजर एमसीडी ने वार्ड समितियों के बुधवार को होने वाले चुनाव के संबंध में कड़ी व्यवस्था करने का निर्णय लिया है। वह चुनाव प्रक्रिया की वीडियोग्राफी ही नहीं कराएगी, बल्कि उसका सोशल मीडिया के माध्यम से सीधा प्रसारण भी करेगी। इस तरह एमसीडी के इतिहास में पहली बार किसी चुनाव व बैठक का सीधा प्रसारण होगा।

### सीसीटीवी कैमरों से रखी जाएगी नजर

एमसीडी ने वार्ड समितियों के चुनाव का सीधा प्रसारण दिखाने का भी निर्णय लिया है। वह दोनों कक्षों का एक साथ सीधा प्रसारण करेगी। इसके लिए उसने दोनों कक्षों में दो-दो वीडियो कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। इन कैमरों के माध्यम से सिविक सेंटर में मीडिया को चुनाव प्रक्रिया दिखाने की व्यवस्था की गई है। वहीं एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारी अपने कक्षों में बैठकर चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। इस तरह वह कोई भी गड़बड़ी दिखने पर उसे रोकने के संबंध में आदेश दे सकेंगे। इसके अलावा दोनों कक्षों में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी पूरी चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखी जाएगी। ब्यूरो

# डीडीए व एमसीडी की शर्तों से रामलीला कमेटियां बेहाल

**पुरानी शर्तों में परिवर्तन करने के कारण लीला मंचन पर संकट**

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। राजधानी में करीब सौ रामलीला कमेटियों के समक्ष रामलीला मंचन कराने का संकट पैदा हो गया है। यह रामलीला कमेटियां वर्षों से डीडीए के मैदान में मंचन कराती है। मगर इस बार डीडीए ने मैदान बुक करने की शर्त बदल दी है। यह शर्त कमेटियों को नागवार गुजर रही है। इस कारण कमेटियों के समक्ष मैदान बुक कराने में दिक्कत आ रही है।

दिल्ली रामलीला महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि डीडीए ने एक ओर मैदान बुक करने की अवधि कम कर दी है। वह इस साल केवल 10 दिन के लिए बुकिंग कर रही है। जबकि 11 दिन तो रामलीला का मंचन होता है। इसके अलावा रामलीला कमेटियों को पंडाल लगाने व हटाने के लिए भी समय चाहिए। इसके अलावा डीडीए ने बुकिंग के दौरान ली जाने वाली राशि में करीब 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। इसी तरह मैदान में नुकसान पहुंचने व साफ सफाई न करने की स्थिति में किए जाने वाले जुर्माने की राशि भी करीब 25 प्रतिशत बढ़ा दी है।

उन्होंने बताया कि डीडीए इस बार मैदान में मंचन के समय होने वाली अन्य गतिविधियों की शर्तें भी बदल दी है। इस बार वह मैदान में 75 प्रतिशत हिस्सा मंचन में उपयोग करने और 25 प्रतिशत हिस्सा मेले के लिए आरक्षित कर रही है, जबकि गत वर्षों के दौरान मंचन के लिए मैदान का 60 प्रतिशत मंचन और 40% हिस्सा मेले के लिए आरक्षित करने का प्रावधान था। इस बारे में डीडीए के अधिकारी राहत देने के लिए तैयार नहीं हो रहे है। इस कारण वह जल्द ही एलजी से मिलेंगे।

दूसरी ओर उन्होंने बताया कि मंचन के लिए एमसीडी के मैदान बुक कराने में उसकी शर्तें भी आड़े आ रही है। एमसीडी ने 15 दिन के लिए मैदान बुक करने का प्रावधान कर दिया था। हालांकि आयुक्त को पूरी स्थिति के बारे में अवगत कराने के बाद उन्हें राहत मिल गई है। आयुक्त ने 40 दिन के लिए बुक करने का प्रावधान कर दिया, लेकिन एमसीडी की बेवसाइट पर इस बारे में प्रावधान नहीं किया गया है।

# जीटीबी अस्पताल से हटाया गया अतिक्रमण



जीटीबी अस्पताल के बाहर सोमवार को अतिक्रमण हटाती पुलिस। अमर उजाला

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली स्थिति जीटीबी अस्पताल में आपातकालीन वाहनों के सुचारू आवागमन के लिए गेट से अतिक्रमण हटाया गया। अस्पताल के गेट पास बड़ी संख्या में अवैध पार्किंग, ठेले वाले सहित अन्य थे। इसके कारण एंबुलेंस सहित अन्य वाहनों को परेशानी होती थी।

इस समस्या को देखते हुए एडिशनल डीसीपी शाहदरा ने पुलिस, पीडब्ल्यूडी, यातायात पुलिस और अग्निशमन विभाग के साथ मिलकर अभियान चलाया। इस दौरान अस्पताल के गेट नंबर दो, तीन और सात के बाहर कई निजी एम्बुलेंस, ई-रिक्शा अनधिकृत रूप से पार्क किए गए पाए गए। अस्पताल के गेट नंबर तीन, सात, आठ और दस के बाहर कई अनधिकृत ठेले वाले पाए गए। इस समस्या को देखते हुए संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अनधिकृत विक्रेताओं की कुल 151 सामान, अस्पताल के बाहर से 12 वाहन जब्त किए गए। इसके अलावा अन्य पर भी कार्रवाई हुई। ब्यूरो

# आम आदमी पार्टी के संचार प्रभारी विजय नायर को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के संचार प्रभारी विजय नायर को जमानत दे दी। शीर्ष अदालत ने कहा है कि विचाराधीन कैदी के रूप में किसी की कैद, मुकदमा शुरू किए बिना सजा का तरीका नहीं हो सकता। नायर दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में आरोपी है।

जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अदालत को दिए गए आश्वासन के बावजूद समय पर ट्रायल पूरा नहीं कर सका है और करीब 350 गवाहों से पूछताछ की जानी है। पीठ ने कहा कि जब पिछले साल 30 अक्तूबर को मनीष सिसोदिया का मामला इस अदालत में आया था तब ईडी ने आश्वासन दिया था कि



6 से 8 महीने के भीतर सुनवाई पूरी कर ली जाएगी। लेकिन अभी तक ट्रायल शुरू नहीं हुआ है। 40 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

पीठ ने कहा कि इस मामले में, याचिकाकर्ता (नायर) 23 महीने से हिरासत में है और विचाराधीन कैदी के रूप में उसकी कैद, मुकदमा शुरू किए बिना सजा का तरीका नहीं हो सकता। यदि याचिकाकर्ता को मुकदमा शुरू किए बिना कैद में रखा जाता है,तो जमानत नियम और जेल अपवाद का सार्वभौमिक नियम विफल हो जाएगा।

### केजरीवाल भी जल्द होंगे बाहर : सिसोदिया

नई दिल्ली। आप ने 23 महीने बाद विजय नायर को मिली जमानत को सत्य की जीत बताया है। आप ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की साजिश विफल हो रही है। सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। सिसोदिया ने सोशल मीडिया एक्स पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना सबूत, बिना कोई बरामदगी के विजय नायर को 23 महीने जेल में रखा। इनका मकसद सिर्फ केजरीवाल को चुनावों में नहीं रोक सकते तो उनकी पूरी टीम और उन्हें ईडी-सीबीआई से गिरफ्तार करवाकर जेल में रखो। देर लग सकती है, लेकिन अंत में जीत तो सत्य को होती है। उन्होंने कहा कि जल्द ही केजरीवाल भी बाहर आएंगे। आप सांसद डॉ. संदीप पाठक ने एक्स पर भाजपा आरोप पर लगाते हुए कहा कि मनगढ़ंत शराब घोटाले का एक और भंडाफोड़ हुआ है। ब्यूरो

## न्यूज डायरी

### ब्राह्मण मधुर मिलन समारोह का आयोजन

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली में विश्व ब्राह्मण संगठन ने ब्राह्मण मधुर मिलन समारोह का आयोजन किया। ओम प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में ब्राह्मणों को एकजुट करने, उनकी मांगों को राष्ट्रीय स्तर तक उठाने, देश के कई राज्यों में हो रही घटनाओं में न्याय दिलाने सहित अन्य पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान संगठन के अध्यक्ष शशिकांत तिवारी, महामंत्री विजय पाण्डे सहित अन्य ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम में संगठन के दिल्ली एनसीआर के अध्यक्ष राजेश गौड़ ने कहा कि आज की विषम परिस्थितियों में ब्राह्मण समाज को अपने हितों के लिए संगठित होने की जरूरत है। ब्यूरो

### भाजपा ने की मच्छर विरोधी अभियान शुरू करने की मांग

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय को एक पत्र लिखकर दिल्ली में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के गंभीर मामलों में तेजी से वृद्धि की ओर ध्यान आकर्षित किया है। पत्र में कहा गया है कि अगस्त महीने में 600 से अधिक डेंगू के मामले दर्ज किए गए हैं। मलेरिया के करीब 250 गंभीर मामले और चिकनगुनिया के 36 मामले दर्ज किए गए हैं। लिहाजा मच्छर जनित बीमारियों रोकथाम के लिए कदम उठाए। ब्यूरो

### कांग्रेस बोली-दलितों के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही आप

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस ने मेयर शैली ओबरॉय के कार्यकाल को अवैध करार दिया है। इस संबंध में उसके एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को उपराज्यपाल से मुलाकात करके शिकायत की। उन्होंने बताया कि शैली ओबरॉय गत अप्रैल से बिना चुनाव कराए मेयर पद पर बनी हुई हैं, जबकि उनका कार्यकाल गत 31 मार्च को समाप्त हो गया था। जबकि इस वर्ष डीएमसी एक्ट के तहत दलित पार्षद मेयर बनना था। लिहाजा आम आदमी पार्टी दलितों के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। ब्यूरो

### बदमाशों ने प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय पर चलाई गोली

नई दिल्ली। मोहन गार्डन इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय पर गोली चला दी। गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ है। बदमाशों ने कार्यालय में एक पर्ची फेंककर गए हैं, जिसमें गैंगस्टर काला जठेड़ी और जॉनी भाई का लिखा हुआ है। पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। संजीव दत्ता (62) का मोहन गार्डन इलाके में प्रॉपर्टी का काम है। उनका दत्ता एसोसिएट्स के नाम से कार्यालय है। सोमवार दोपहर करीब 12.11 बजे पुलिस को संजीव दत्ता के कार्यालय में गोलीबारी की सूचना मिली। ब्यूरो

### आरोपियों को दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को ईडी को आबकारी नीति से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपपत्र के साथ दायर कुछ दस्तावेज आरोपी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह निर्देश तब दिए जब आरोपियों अदालत को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उन्हें दिए गए कई दस्तावेज में कमी थी। सुनवाई के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये अदालत में पेश किया गया, जबकि आप नेता मनीष सिसोदिया, जो फिलहाल जमानत पर हैं, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश हुए। संवाद

### पेंशन धारकों ने केजरीवाल का किया धन्यवाद

नई दिल्ली। बुजुर्गों की पेंशन शुरू करने पर पेंशनधारकों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद किया। सोमवार को शाह ऑडिटोरियम में आयोजित 'बुजुर्गों का रखा ख्याल, जीते रहो केजरीवाल' कार्यक्रम में विधायक दिलीप पांडे और दिल्ली विधानसभा की डिप्टी स्पीकर राखी बिड़लान ने बुजुर्गों से संवाद किया। इस दौरान बुजुर्गों ने कहा कि केजरीवाल ने उनकी रुकी हुई पेंशन दोबारा शुरू कराकर भला किया है। पांडे ने दावा करते हुए बुजुर्गों से कहा कि केजरीवाल जल्द बाहर आएंगे और बुजुर्गों के लिए नई पेंशन की शुरूआत करेंगे। संवाद

# कंपनी के अकाउंटेंट से 11 लाख की लूट

नई दिल्ली। समयपुर बादली इलाके में कलेक्शन कर गाजियाबाद जा रहे एक कंपनी के अकाउंटेंट से बदमाशों ने 11 लाख रुपये लूट लिए। बदमाशों ने पीड़ित को गोली मारने की धमकी देकर वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया है और बदमाशों की पहचान में जुट गई है।

साहिबाबाद निवासी अनिल कुमार गाजियाबाद की एक निजी कंपनी में बतौर अकाउंटेंट काम करते हैं। शनिवार को कंपनी मालिक अर्पित कुशवाह ने अनिल को शाहबाद दौलतपुर से कंपनी का पेमेंट लेकर आने के लिए कहा। अनिल अपनी बाइक से शाम साढ़े चार बजे पैसे लेने के लिए निकले। वहां से वह शाहबाद दौलतपुर पहुंचे।


वहां रामबाबू ने उन्हें 11 लाख रुपये दिए। जिसे वह बैग में रखने के बाद शाम करीब साढ़े पांच बजे वहां से गाजियाबाद के लिए निकले। समयपुर बादली लूप से कश्मीरी गेट की तरफ आने के दौरान पीछे से आ रहे दो बाइक सवार लड़कों ने ओवरटेक कर उन्हें रोका। ब्यूरो

# भाजपा ने स्वास्थ्य मॉडल पर सरकार को घेरा

## पार्टी ने एसीबी से की शिकायत, कहा- जल्द दर्ज होगी एफआईआर

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। स्वास्थ्य सेवा पर भाजपा ने आप को आड़े हाथ लिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, दिल्ली की स्वास्थ्य



सेवाएं पूरी तरह से चरमरा गई है। चालू अस्पताल हों या निर्माणाधीन यहां तक की मोहल्ला क्लीनिक सेंटर भी भ्रष्टाचार में लिप्त है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से इसकी शिकायत विधानसभा नेता प्रतिपक्ष ने की है। एसीबी ने भाजपा विधायकों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा दी गई शिकायत का संज्ञान लिया है। स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर आप नेताओं ने व्यवस्थित लूट की है।

सचदेवा ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज समेत सभी विभाग के मंत्री बेपरवाह हैं। जल्द ही इस स्वास्थ्य मामले में एफआईआर दर्ज होगा और दिल्ली सरकार का सच सामने आएगा।

विधानसभा नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के कई उदाहरण है। 5,590 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत 24 अस्पताल परियोजनाओं में से कई अभी तक अधूरी हैं, जिस कारण इनकी लागत में बेतहाशा वृद्धि हुई है। 1,125 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत 6800 बिस्तरों वाले सात आईसीयू अस्पतालों का निर्माण तीन साल बीतने के बावजूद महज 50 फीसदी ही काम पूरा हुआ है। 94 पॉलीक्लिनिक में से केवल 52 पॉलीक्लिनिक ही बन पाया है। केंद्र सरकार द्वारा तैयार अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली (एचआईएमएस) सॉफ्टवेयर आठ साल बीतने के बावजूद लागू नहीं किया गया। दिल्ली सरकार केंद्र सरकार के फंड का उपयोग करने में भी विफल रही। भाजपा नेताओं ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन और वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज की भूमिका को इस भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार ठहराया।

### जांच के लिए एसीबी ने मांगी अनुमति

भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने मामले की जांच के लिए दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय से अनुमति मांगी है। अधिकारियों ने बताया कि मामला मंत्री से जुड़ा है। नियम के तहत मामले की जांच के लिए अनुमति के जरूरत होती है।

# हफ्तेभर में डेंगू के 97 नए केस

नई दिल्ली। राजधानी में डेंगू के मामलों में तेजी आनी शुरू हो गई है। दो सप्ताह के दौरान स्थिति स्थिर रहने के बाद गत सप्ताह डेंगू 97 नए मामले सामने आए। यह इस साल किसी भी सप्ताह में दर्ज किए गए सबसे अधिक मामले हैं। इससे पहले सप्ताह के दौरान डेंगू के 56 मामले सामने आए थे। इस साल अब तक कुल 578 डेंगू मामले सामने आ चुके हैं।

राजधानी में अगस्त माह के आरंभ होते ही डेंगू के मामले बढ़ने लग गए थे और अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में डेंगू के नए मामलों को आंकड़ा सौ के करीब पहुंच गया। जबकि अगस्त माह के पहले तीन सप्ताह के दौरान डेंगू के 157 मामले सामने आए थे। इस तरह राजधानी में सितंबर माह के दौरान डेंगू के मामले बड़ी संख्या में आने की आशंका हो गई है। दरअसल गत वर्षों के दौरान भी सितंबर माह से डेंगू के मामलों में इजाफा होना शुरू होता है। हालांकि गत वर्षों की तुलना में इस साल अभी डेंगू के मामले कम है। राजधानी में गत सप्ताह डेंगू के सबसे अधिक मामले एमसीडी के मध्य, करोल बाग, शाहदरा उत्तरी, सिटी सदर पहाड़गंज, नजफगढ़ व दक्षिणी जोन में सामने आए है।

उधर स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू के मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कई उपाय किए हैं। अधिकारियों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में सफाई अभियान तेज करने का निर्णय दिया है। ब्यूरो

# स्वास्थ्य विभाग में सब कुछ ठीक नहीं : हाईकोर्ट

## एम्स निदेशक से अस्पताल सुधार लागू करने को कहा

संवाद न्यूज एजेंसी

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने सोमवार को एम्स निदेशक को दिल्ली सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों में सेवाओं में सुधार के लिए डॉ. एसके सरीन की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी है। यह देखते हुए कि शहर के स्वास्थ्य विभाग में सब कुछ ठीक नहीं है, जहां अधिकारियों के बीच तीखी लड़ाई चल रही है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने टिप्पणी की कि चार सदस्य डॉक्टर, जो दिल्ली सरकार के तहत अस्पतालों में काम कर रहे थे, डर महसूस कर रहे थे।

अदालत ने नौकरशाहों और मंत्री के बीच आम सहमति के पूर्ण अभाव पर अफसोस जताया। कहा कि दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता निराशाजनक बनी हुई है। आम आदमी उन लोगों के हाथों उदासीनता और उदासीनता का शिकार है जो जिम्मेदार हैं। सरीन द्वारा हस्ताक्षरित 26 अगस्त के पत्र में कहा गया है कि सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए समिति के सदस्यों को चुनौतियां महसूस हो रही हैं। क्योंकि समिति के छह में से चार सदस्य दिल्ली सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों के तहत काम कर रहे हैं और सरकार के अधीन हैं।

यह देखते हुए कि पर्यावरण काफी जहरीला है। अदालत ने कहा कि दोनों पक्षों (स्वास्थ्य मंत्री और नौकरशाहों) द्वारा खुले आरोप लगाए जा रहे हैं। अदालत ने इस तथ्य पर भी न्यायिक संज्ञान लिया कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म-हत्या के मामले में पार्टी के एक कार्यकर्ता को आरोपी बनाया गया है। मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी।

### अंबानी की शादी में जानवरों के साथ दुर्व्यवहार पर याचिका खारिज

**अदालत से**

नई दिल्ली। उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी के विवाह पूर्व समारोह में जानवरों के साथ दुर्व्यवहार किए जाने के आरोपों पर दायर अवमानना याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। एक वकील की ओर से दायर याचिका को न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने खारिज कर दिया। याचिका में 12 फरवरी के पीठ के आदेश की जानबूझकर अवज्ञा करने का आरोप लगाया गया था।

वकील ने यह याचिका अंबानी की शादी में जानवरों के इस्तेमाल के संबंध में 13 जनवरी को इकोनॉमिक टाइम्स में प्रकाशित एक अखबार की रिपोर्ट के आधार पर दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि न्यायिक निर्देशों के बावजूद एक से तीन मार्च तक विवाह समारोहों में जानवरों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। वकील ने 20 मार्च को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म हिमल साउथ एशियन में प्रकाशित रिलायंस वन्यजीव महत्वाकांक्षाओं की लागत शीर्षक वाले लेख का भी हवाला था। संवाद


उजाला हाट
उत्तम क्वालिटी की मजबूत फूल झाड़ू
SURAJ BRAND BROOMS
झाड़ू लगाने की आदत, हो हर इंसान को, झुकना जहाँ जब आ गया, मिल गया वो राम को।
सफाई है वहाँ
हरी राम गुलाब राय
...की सूरज ब्राण्ड फूल झाड़ू है जहाँ
For wholesale Enquiry Contact - 011-45546686

Medical Helpline
कैंसर अभिशाप नहीं, रोग है, निराश न हों
इलेक्ट्रो होम्योपैथी दवाओं से चिकित्सा सम्भव
डॉ. आर.के. गुप्ता
कैंसर रोग विशेषज्ञ
बी.ई.एम.एस., एम.डी., पीएच.डी., डी.लिट. (इलेक्ट्रो होम्योपैथी), भारत गौरव, हिन्द रत्न, अन्तर्राष्ट्रीय रत्न, बैस्ट कैंसर प्रेक्टीशनर ऑफ द वर्ल्ड, विश्व कैंसर सम्राट अवार्ड तथा गोल्ड मैडलो से सम्मानित
विकास इलेक्ट्रो होम्योपैथी क्लीनिक – कैंसर का निदान एवं चिकित्सा केन्द्र
पता–168, आवास विकास कॉलोनी, सासनी गेट, अलीगढ़, उ.प्र., भारत
मो.: 07060363535, 09319047859 कोई परामर्श शुल्क नहीं

इंदिरा IVF रवि वुमन्स हॉस्पिटल
अब सेक्टर–35 नोएडा में
निःशुल्क
निःसंतानता परामर्श
सप्ताह के 7 दिन खुला
8826975080, 8585808073
ए–1 गोल्फ कोर्स रोड सेक्टर 35 (मोरना बस स्टैण्ड के पास)
RAVI HOSPITAL
आगरा । अलीगढ़ । फिरोजाबाद । नोएडा

नामर्दी, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
हर तरफ से निराश स्त्री पुरुष रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
ब्रांच: नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम, पलवल
रोजाना मिलें: लाजपत नगर, नई दिल्ली 9837023223

ADVANCE GLOBAL HEALTH
SPINE | JOINT & LASER CENTRE
WHY REPLACE ? WHEN WE CAN REPAIR ! REGENERATE ! REGROW !
NO MEDICINE! NO SURGERY!
DELHI & HALDWANI
CALL FOR ENQUIRY
7895111555
7251090555
20000+ SATISFIED PATIENTS
1800+ CRITICAL CASES
डॉ. हरप्रसाद
NO-1 LASER CENTRE
ROBOTIC LASER
ROBOTIC SPINE DECOMPRESSION
स्लिप डिस्क / सियाटिका
कूल्हे की बीमारी-AVN
REPAIR! REGENERATE! REGROW!
बिना ऑपरेशन भी अब इलाज संभव
FSWT & ROBOTIC LASER TREATMENT
सर्वाइकल और माइग्रेन
गठिया-आर्थराइटिस
ORTHOTRIPSY & LASER
घबराएं नहीं गठिया में अब ऑपरेशन की जरूरत नहीं
AVN HIP TREATMENT BY ORTHOTRIPSY
NEW DELHI-110017
D-106, Panchsheel Enclave, Gate No. 1, Near Chirag Delhi Metro Station
HALDWANI-263139
Next to Reliance Footprint, Nainital Road, Bhotiya Parow
ghspineandlasercentre.com





# ईसीए, स्पोर्ट्स और वार्ड कोटे के छात्रों के लिए पहला राउंड आज

## कोटे और अपग्रेड विकल्प का चयन करने वालों को सीट आवंटित की जाएगी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातक कोर्सेज में दाखिले के लिए ईसीए, स्पोर्ट्स, वार्ड कोटा व सीडब्ल्यू कोटा (सशस्त्र बलों के बच्चे) के लिए दाखिले शुरू होने का इंतजार खत्म होने जा रहा है। मंगलवार से इन श्रेणी के तहत आवेदन करने वाले छात्रों के लिए दाखिले का पहला राउंड शुरू हो रहा है। इनके लिए पहले सीटों का आवंटन होगा।

मालूम हो कि अब तक इन श्रेणी इसके साथ ही पहले व दूसरे राउंड में दाखिला पा अपग्रेड विकल्प का चयन करने वालों के लिए भी सीट आवंटित की जाएगी। छात्रों को चार सितंबर तक सीट को स्वीकार करना होगा।

सीट का आवंटन हो जाने के बाद चार सितंबर तक शाम 4:59 मिनट तक सीट को स्वीकार करना होगा। कॉलेज ऑनलाइन आवेदन का सत्यापन और दाखिले को मंजूर पांच सितंबर शाम पांच बजे तक करेंगे। इसके बाद छह सितंबर तक छात्रों को फीस का भुगता करना है। इसके बाद वह सीट से संतुष्ट होने पर उसे फ्रीज कर सकते हैं। यदि संतुष्ट नहीं तो उन्हें अपग्रेड का विकल्प लेना होगा।

मालूम हो कि ईसीए के लिए इस बार रिकॉर्ड 11, 700 पंजीकरण हुए, इसलिए इस श्रेणी के तहत दाखिला लेने के इच्छुक छात्रों के लिए दाखिले की रेस कठिन हो सकती है। बीते साल ईसीए श्रेणी के लिए कुल 9, 858 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया था।




### अन्य कोटे में कम, एससी-एसटी में गुंजाइश

अब डीयू के कॉलेजों में सामान्य, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस की सीटें कम ही बची हैं। जबकि एससी व एसटी के लिए कुछ गुंजाइश है। जहां कॉलेजों में सीट खाली हो भी रही हैं तो वह छात्रों के सीट अपग्रेड करने या सीट छोड़ने के कारण हो रही है। बीए कॉम्बिनेशन, इतिहास ऑनर्स, अंग्रेजी ऑनर्स, राजनीति विज्ञान ऑनर्स, भूगोल ऑनर्स, अर्थशास्त्र ऑनर्स, बीकॉम व बीकॉम ऑनर्स में अधिकतर कॉलेजों में सीटें भर चुकी हैं। वहीं कुछ कॉलेजों में साइंस कोर्सेज की सीटें खाली हैं। कई कॉलेजों में तो सीटों से अधिक दाखिले हो चुके हैं। दाखिलों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि डीयू की 71, 500 सीटों के लिए अब तक 75, 083 दाखिले हो चुके हैं। जबकि 29, 344 ने अपग्रेड का विकल्प लिया है, वहीं 41, 885 अपनी सीट को फ्रीज कर चुके हैं।

### पूर्व छात्रों और समाज का सहयोग संस्थाओं को देता है विस्तार : कुलपति

**नई दिल्ली।** जब तक संस्थान को सहयोग देने की अवधारणा प्रैक्टिकल नहीं होगी, तब तक लोग आगे नहीं आएंगे। लोग सोचते हैं कि सार्वजनिक संस्थाओं में सभी काम सरकार का है, लेकिन अपने पूर्व विद्यार्थियों और समाज का सक्रिय सहयोग संस्थाओं को और अधिक विस्तार देता है। इसलिए यह कार्य बहुत ही सराहनीय है। डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने यह बातें प्रयोगशाला के उद्घाटन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि जन सहयोग से प्रयोगशालाओं का निर्माण और संसाधनों को जुटाना अच्छी बात है। कुलपति ने सोमवार को आधुनिक सुविधाओं से लैस प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। डीयू के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा जन सहयोग से इस कंप्यूटर प्रयोगशाला को तैयार किया है। इस अवसर पर कुलपति ने इस कंप्यूटर प्रयोगशाला में आर्थिक सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने बताया कि डीयू ने डीयू फाउंडेशन की स्थापना की है, जिसका काम फंड जुटाना है। इन कार्यों से जो प्रभाव बच्चों पर पड़ेगा उसे हम आज नहीं माप सकते। लेकिन यह परंपरा भविष्य में बहुत लाभकारी साबित होगी। इस कंप्यूटर प्रयोगशाला के लिए प्रो. पीबी मंगला, प्रो. आरके भट्ट, प्रो. केपी सिंह, डॉ. तरुणा जोशी, डॉ. अशोक कुमार एवं विभाग ने एल्युमनी ने सहयोग किया है। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। ब्यूरो

# जीसस एंड मैरी कॉलेज में ईसाई उम्मीदवारों को सीटें आवंटित

## चार सितंबर तक सीट स्वीकार कर सकते हैं छात्र

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने जीसस एंड मेरी कॉलेज (अल्पसंख्यक) कॉलेज में स्नातक दाखिले के लिए ईसाई उम्मीदवारों को सीट आवंटित कर दी है। डीयू ने चुने गए उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे अपने डैशबोर्ड में लॉगिन करें और अपनी दाखिला प्रक्रिया को पूरी करें। छात्र चार सितंबर तक अपनी सीट को स्वीकार कर सकते हैं। जबकि पांच सितंबर तक कॉलेज को दाखिले का सत्यापन व उसे मंजूर करना है। इसके बाद छात्र 6 सितंबर तक फीस का भुगतान कर सकते हैं।

वहीं एक और अल्पसंख्यक कॉलेज (सेंट स्टीफंस) और डीयू के बीच ईसाई उम्मीदवारों के दाखिलों को लेकर मामला उलझ गया है। डीयू ने सेंट स्टीफंस कॉलेज द्वारा दाखिले के लिए आवंटित ईसाई उम्मीदवारों की सूची में विसंगतियों की पहचान की है। डीयू की दाखिला डीन प्रो हनीत गांधी के अनुसार कॉलेज ने 28 अगस्त 2024 को सूची विश्वविद्यालय को भेजी, लेकिन इसमें महत्वपूर्ण त्रुटियां पाई गई। इसके बाद विश्वविद्यालय ने कॉलेज से स्पष्टीकरण मांगा और प्रिंसिपल ने 31 अगस्त 2024 को असंगतियों को स्वीकार किया।

### सेंट स्टीफंस का मामला उलझा, डीयू ने आवंटन प्रक्रिया में त्रुटियां बताईं वजह

कॉलेज द्वारा भेजी गई प्रारंभिक सूची में बीए प्रोग्राम संयोजन का कोई विशिष्ट विवरण नहीं दिया गया था जिसके कारण विश्वविद्यालय उम्मीदवारों को सीट आवंटित नहीं कर सका। कॉलेज ने सूची को संशोधित किया जो कि 31 अगस्त 2024 को प्राप्त हुई। संशोधित सूची में भी पाया गया है कि कुछ बीए प्रोग्राम (कॉम्बिनेशन) में कोई सीट आवंटित नहीं की गई है जबकि कुछ में स्वीकृत सीटों से अधिक ईसाई उम्मीदवारों को आवंटित की गई हैं।

इसी तरह बीएससी ऑनर्स रसायन शास्त्र और बीएससी ऑनर्स भौतिकी जैसे कार्यक्रमों में सीयूईटी योग्य उम्मीदवारों के होने के बावजूद सीटें खाली रह गई हैं। अब विश्वविद्यालय कॉलेज द्वारा भेजी गई नवीनतम सूचियों पर आगे सत्यापन कर रहा है। डीयू को लगता है कि सेंट स्टीफंस कॉलेज ने अपनी आवंटन प्रक्रिया में त्रुटियां की हैं और विश्वविद्यालय निष्पक्ष प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए इन मुद्दों को हल करने के लिए काम कर रहा है।

# 'माई री मैं का से कहूं' नाटक का मंचन किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) के रंगमंडल ने सोमवार को सम्मुख सभागार में 'माई री मैं का से कहूं' नाटक का मंचन किया।

यह विजयदान देथा की कहानी दुविधा पर आधारित रहा, जिसमें लोगों को स्त्री की भावनाओं व सामाजिक मानदंडों के बीच संघर्ष की कहानी दिखाई गई। निर्देशक अजय कुमार ने स्त्री की स्थिति को बहुत ही प्रभावी ढंग से पेश किया। उन्होंने दिखाया है कि कैसे स्त्री को अपनी हर इच्छा और अनिच्छा को पुरुषवादी विचारों के खिलाफ तौलना पड़ता है। संवाद

### 'सागर लफ्जों का' कविता पर प्रेसवार्ता

**नई दिल्ली।** प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में कवयित्री बबीता सागर ने अपने कविता संग्रह 'सागर लफ्जों का' के लिए एक प्रेसवार्ता आयोजित की। मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में कवि अंश बसोया भी मौजूद रहे। अपनी द्विभाषी संग्रह के बारे में बताते हुए बबीता ने कहा कि यह पुस्तक प्रेम, हानि और जीवन के सार्वभौमिक विषयों पर प्रकाश डालती है। संवाद


**राष्ट्रीय इलैक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (रा.इ.सू.प्रौ.सं.) नाइलिट भवन, प्लॉट नं.3, पीएसपी पॉकेट, सैक्टर-8, द्वारका, नई दिल्ली-110077**

रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT

आम जनता को एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय इलैक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (रा.इ.सू.प्रौ.सं.) का लोगो, जैसा नीचे दिया गया है को रजिस्ट्रार ऑफ ट्रेडमार्क्स, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी इंडिया द्वारा सं. 4734985 के तहत श्रेणी 41 में बतौर एक ट्रेड मार्क रजिस्टर्ड किया गया है।

रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT

यह आगाह किया जाता है कि नाइलिट लोगो का अनाधिकृत उपयोग कानून अनुसार जैसे व्यक्तियों/इकाइयों/संस्थानों के प्रति कार्यवाही की दस्तक देगा।

CBC 06102/12/0007/2425


### अवध की सांस्कृतिक विरासत पर चर्चा

**नई दिल्ली।** इंडिया हैबीटैट सेंटर के गुलमोहर हॉल में सोमवार को अवध की सांस्कृतिक विरासत विषय पर चर्चा हुई। दो सत्रों में हुए कार्यक्रम की शुरुआत में अवध के इतिहास, संस्कृति और विरासत के बारे में बताया गया। इस दौरान इतिहासकार व लेखक प्रो. रामचंद्र गुप्ता ने अवध के ऐतिहासिक परिदृश्य को समझाया, जबकि संगीतकार और कलाकार शुभा मुद्गल ने अवध की संगीत और कला परंपराओं पर प्रकाश डाला। सभागार में मौजूद लोगों ने भी अवध की समृद्ध विरासत के बारे में जानने में रुचि दिखाई और चर्चा में भाग लिया। संवाद

### आरोंजॉय दास की प्रस्तुति ने बांधा समा

**नई दिल्ली।** सफदरजंग एन्क्लेव स्थित द पियानो मैन में सोमवार को आरोंजॉय दास की संगीत प्रस्तुति ने समा बांध दिया। इस दौरान एक ओर मंच पर वह जैज, ब्लूज, आर एंड बी समेत संगीत के सभी कोनों को छूते रहे, तो दूसरी ओर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को उनकी गायकी का जादू छूता रहा। कार्यक्रम में लोगों ने आरोंजॉय की पियानो धुनों में जैज परंपरा के प्रभाव को खूब सराहा। संवाद

# दिल्ली हाट में छप-निफ्ट में देखें पारंपरिक कौशल

## निफ्ट दिल्ली के क्राफ्ट क्लस्टर की पहल

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान(निफ्ट) दिल्ली हाट में 15 सितंबर तक छप-निफ्ट कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इसमें दर्शकों को उत्पादों में हथकरघा और शिल्प परंपराओं की छाप तो बदलते रुझान और पारंपरिक कौशल देखने का मिलेगा। निफ्ट क्राफ्ट क्लस्टर के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों, पूर्व छात्रों और कारीगरों के बीच रचनात्मक सहयोग के अलावा फैशन व भारतीय शिल्प कौशल का अटूट समर्पण दिखेगा।

दिल्ली हाट में कारीगरों, हथकरघा बुनकरों और डिजाइनरों तथा कारीगरों के 160 से अधिक सहयोगात्मक स्टॉल लगाए गए हैं। इसमें देशभर के कारीगरों और हथकरघा बुनकरो को आमंत्रित किया गया था। केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के हथकरघा और हस्तशिल्प विकास आयुक्तों ने निफ्ट के साथ मिलकर शिल्प क्लस्टर शुरू किया है।

दरअसल निफ्ट हथकरघा और बुनकरों को पारंपरिक कौशल के साथ आधुनिक मार्केट डिमांड के आधार पर डिजाइन बनाने में मदद कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान फैशन शोकेस में निफ्ट के पूर्व छात्रों द्वारा तैयार डिजाइनों का संग्रह पेश किया जाएगा। इसमें ऐसे परिधानों की श्रृंखला होगी, जो आधुनिक सौंदर्यबोध और पारंपरिक तकनीकों का मिश्रण के अलावा भारतीय सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निफ्ट की प्रतिबद्धता को दर्शाएगी।

### कारीगरों के तैयार उत्पादों को बेहतर मंच देना मकसद

इसके अलावा इंटरैक्टिव कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी, जिसमें कई तरह की आकर्षक व्यावहारिक कार्यशाला और विशेषज्ञ-नेतृत्व वाले सत्र शामिल होंगे। वहीं, पारंपरिक कारीगरों द्वारा शिल्प प्रदर्शन में भारत के उस्ताद कारीगरों के उत्कृष्ट कौशल को प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें वे पारंपरिक शिल्प तकनीकों का प्रदर्शन करेंगे।

### तलत महमूद पर आधारित डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग

**नई दिल्ली।** इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सीडी देशमुख ऑडिटोरियम में सोमवार को तलत महमूद की जीवनी पर आधारित एक स्टेज डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग हुई। यह तलत महमूद की पोती भतीजी सहार जमान की एक पुरस्कार विजेता जीवनी पर आधारित रही। इस दौरान लोगों ने कथन, प्रदर्शन, फिल्म प्रोजेक्शन और कोरियोग्राफी के मिश्रण का लुत्फ उठाया।

इसे सोहैला कपूर द्वारा निर्देशित किया गया है। कार्यक्रम में सहार जमान ने अपने अनुभव साझा किए और तलत महमूद के बारे में व्यक्तिगत किस्से भी सुनाए। बताया कि कैसे उनकी जीवनी लिखने के लिए प्रेरित हुईं और उनके जीवन के बारे में क्या सीखा। इसके अलावा, कार्यक्रम स्वयं में तलत महमूद के गानों के प्रदर्शन, फिल्म क्लिप्स और नृत्य प्रदर्शन भी समेटे रहा। ये दर्शकों को उनके जीवन और संगीत के करीब ले आए। संगीत की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनमोह लिया। दर्शकों ने सभी प्रस्तुतियों पर ताली बजाकर कलाकारों का सम्मान किया। संवाद

चुनाव

डीयू प्रशासन ने की आधिकारिक घोषणा, 27 सितंबर को होगा मतदान

# दिल्ली विवि छात्र संघ चुनाव का बिगुल बजा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव 2024 का बिगुल बज गया है। इस साल चुनाव 27 सितंबर को होंगे। सोमवार को चुनाव को लेकर आधिकारिक घोषणा कर दी है। डीयू कुलसचिव की ओर से सोमवार को चुनाव तिथियों संबंधी अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही अब आचार संहिता भी लागू हो गई है। मतदान के अगले दिन ही पुलिस लाइन में मतगणना होगी। इससे पहले नामांकन करने की अंतिम तिथि 17 सितंबर तय की गई है।

चुनावों के लिए बीते सप्ताह ही संस्कृत विभाग के प्रो. सत्यपाल सिंह को मुख्य चुनाव अधिकारी, रसायन शास्त्र विभाग के प्रो. राज किशोर शर्मा को मुख्य पीठासीन अधिकारी व केंद्रीय पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ राजेश सिंह को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया जा चुका है। जिसके बाद अब चुनाव तिथियों की घोषणा की गई है। चुनाव में लिंगदोह कमेटी व सुप्रीम कोर्ट की सिफारिशों का सख्ती से पालन करवाया जाएगा। चुनावी शंखनाद होते ही छात्र संगठनों ने भी चुनाव को लेकर अपनी रणनीति तय करनी शुरू कर दी है।

डूसू चुनाव के लिए नामांकन पत्र 17 सितंबर दोपहर तीन बजे तक जमा कराए जा सकते हैं। इसके बाद उसी दिन नामांकन पत्रों की छंटनी की जाएगी और छंटनी के बाद शेष रहे उम्मीदवारों की लिस्ट शाम छः बजे तक जारी कर दी जाएगी। नामांकित उम्मीदवार अपना नाम 18 सितंबर दोपहर 12 बजे तक वापिस ले सकते हैं। उम्मीदवारों की अंतिम सूची 18 सितंबर शाम पांच बजे जारी की जाएगी। इसके बाद उम्मीदवार अपना चुनाव प्रचार शुरू कर सकेंगे। मतदान के बाद 27 सितंबर को दो शिफ्ट में होगा। सुबह की पाली वाले कॉलेजों में सुबह 8:30 बजे से दोपहर एक बजे तक मतदान होगा। जबकि सांध्यकालीन कॉलेजों में वोट डालने का समय शाम तीन बजे से रात 7.30 बजे तक का रहेगा।

### डूसू अखाड़े से निकले हैं कई बड़े नेता


डूसू चुनाव को राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश की पहली सीढ़ी माना जाता है। डूसू चुनाव की शुरुआत वर्ष 1954 से हुई। डूसू की छात्र राजनीति ने देश को कई बड़े नेता दिए हैं। यह डूसू में अपनी धाक दिखाने के बाद नगर निगम, विधानसभा और लोकसभा तक में अपना परचम लहरा चुकेहैं। डूसू के इस अखाड़े से सुभाष चोपड़ा, अजय माकन, अरुण जेटली, पूर्णिमा सेठी, विजय गोयल, विजय जौली, अलका लांबा, अमृता धवन, आरती मेहरा, सुधांशु मित्तल जैसे नेता निकले हैं




# पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन के पक्ष में नहीं संघ : आंबेकर

## केरल में तीन दिवसीय समन्वय बैठक सपन्न : संघ ने खुद से जुड़े संगठनों के बीच समन्वय की कमी को किया खारिज

**पलक्कड़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पश्चिम बंगाल की हालिया घटनाओं के चलते राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने पर सहमत नहीं है। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि यह फैसला सरकार को लेना है, लेकिन यह सरकार को अस्थिर करने का बहुत लोकतांत्रिक तरीका नहीं है। हालांकि, उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक सरकार को कानून के अनुसार शासन करने और जनता की शिकायतों का समाधान करने के लिए जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए।


सुनील आंबेकर

संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक सोमवार को संपन्न हुई। केरल में पहली बार हुई बैठक के बाद संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने भाजपा समेत खुद से संगठनों के बीच समन्वय की कमी को खारिज किया। संगठन ने कहा कि संघ अगले साल अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर रहा है। इसके बावजूद वह अपने मूल सिद्धांत राष्ट्र प्रथम के प्रति प्रतिबद्ध है। आंबेडकर ने भाजपा समेत संघ से जुड़े अन्य संगठनों के बीच समन्वय की कमी संबंधी सवाल का जवाब दिया। कहा कि संघ 2026 में 100वीं वर्षगांठ पूरी करने जा रहा है। यह एक लंबी यात्रा है। इस यात्रा में एक बात जो निरंतर बनी रही, वह है राष्ट्र प्रथम के प्रति प्रतिबद्धता। एक लंबी यात्रा में कामकाज से संबंधित कुछ मसलों पर भिन्नता उत्पन्न होती हैं लेकिन संगठन के पास इन मुद्दों को हल करने के लिए एक तंत्र है। हमारी औपचारिक और अनौपचारिक दोनों तरह की बैठकें नियमित रूप से होती रहती हैं। एजेंसी

### नड्डा के बयान पर कहा-परिवार का मामला

आंबेकर से भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के लोकसभा चुनाव के दौरान दिए उस बयान के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने कहा कि पार्टी उस दौर से काफी आगे बढ़ चुकी हैं, जब उसे संघ की जरूरत थी और अब वह अपना काम खुद संभालने में सक्षम है। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि अन्य मुद्दों का समाधान किया जाएगा। यह पारिवारिक मामला है। परिवार में सब कुछ ठीक होने पर उन्होंने कहा कि बिल्कुल।

**भागवत, नड्डा समेत 300 से अधिक लोगों ने किया मंथन :** संघ की समन्वय बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, महामंत्री संगठन बीएल संतोष समेत 32 संघ से जुड़े विविध संगठनों के राष्ट्रीय पदाधिकारी सहित करीब 300 कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तमिलनाडु में धर्मांतरण गतिविधियां चिंताजनक

अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख ने कहा कि तमिलनाडु में धर्मांतरण गतिविधियां चिंताजनक हैं। ईसाई मिशनरियों की धर्मांतरण की गतिविधियों को गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने कहा कि कई संगठनों ने राज्य में ईसाई मिशनरियों की धर्मांतरण संबंधी गतिविधियों के बढ़ने को लेकर शिकायत और रिपोर्ट दी है।

■ **मणिपुर में बहाल होगी शांति :** हिंसाग्रस्त मणिपुर पर आंबेकर ने कहा कि संघ प्रमुख मोहन भागवत पहले ही इस बारे में बोल चुके हैं और सरकार से त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह कर चुके हैं। हमारी राज्य के हालात पर नजर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्थिति को प्रभावी ढंग से सुलझा लिया जाएगा और मणिपुर में शांति बहाल हो जाएगी।

## बंगाल में भाजपा का डीएम दफ्तर घेरो अभियान, कई जगह पुलिस से तीखी झड़प


बीरभूम

**कोलकाता।** बंगाल प्रदेश भाजपा की ओर से आरजी कर मेडिकल कॉलेज की जूनियर डॉक्टर के मामले में न्याय की मांग पर सोमवार को राज्यभर में डीएम ऑफिस घेरो अभियान चलाया गया। कूचबिहार के सागरदिघी में प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रामाणिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रदर्शनकारियों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और पानी की बौछार भी की। ब्यूरो

**जूनियर डॉक्टर से दरिंदगी-हत्या**

*पुलिस कमिश्नर के इस्तीफे की मांग पर डॉक्टरों ने निकाली रैली, धरने पर बैठे :जूनियर डॉक्टर से दरिंदगी के मामले में डॉक्टरों की हड़ताल सोमवार को 23वें दिन भी जारी रही। जूनियर डॉक्टरों ने कोलकाता पुलिस के पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल के इस्तीफे की मांग पर रैली निकाली।*

**न्यूज डायरी**

### एसआई भर्ती परीक्षा पेपर लीक में पूर्व आरपीएससी सदस्य गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस के विशेष कार्य समूह (एसओजी) ने उप निरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में कथित संलिप्तता के आरोप में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के पूर्व सदस्य रामूराम राईका को गिरफ्तार कर लिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त महानिदेशक (एसओजी) वीके सिंह ने बताया, आरपीएससी के पूर्व सदस्य राईका को भर्ती परीक्षा का पेपर अपने बच्चों को उपलब्ध कराने के आरोप में रविवार देर रात गिरफ्तार किया गया। ब्यूरो

### वकील की पुलिस उत्पीड़न वाली अर्जी पर सुनवाई से सुप्रीम इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल की एक वकील की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि राज्य और उसकी पुलिस के खिलाफ याचिका दायर करने के बाद तृणमूल कांग्रेस सरकार उन्हें निशाना बना रही है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने उनसे कहा कि वह अपनी शिकायतें लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट जाएं। आपको हाईकोर्ट पर भरोसा रखना चाहिए। आपकी याचिका खारिज की जाती है। ब्यूरो

### नीट यूजी परीक्षा : सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) स्नातक 2024 को रद्द करने से इन्कार करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर की गई है। काजल कुमारी की ओर से दायर की इस याचिका में अदलत के आदेश पर फिर से विचार करने की मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने दो अगस्त को नीट यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने से इन्कार कर दिया था। ब्यूरो

### पुणे में आपसी रंजिश में बहनों ने करा दी पूर्व पार्षद की हत्या

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में एनसीपी अजित गुट के नेता और पूर्व पार्षद वनराज आंदेकर की रविवार रात बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां मारी। गंभीर घायल वनराज को तुरंत अस्पाल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। इस सिलसिले में वनराज की दो बहनों और उनके पतियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि हत्या के पीछे पुरानी रंजिश और संपत्ति विवाद होने का संदेह है। एजेंसी

### राज्यपाल ने खरगे परिवार के न्यास को भू-आवंटन पर सरकार से मांगा जवाब

**बंगलूरू।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष एम मल्लिकार्जुन खरगे के परिवार के न्यास को जमीन के कथित आवंटन को लेकर जवाब मांगा है। राज्यपाल ने कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे व मंत्री प्रियांक खरगे को राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग वाले भाजपा के एक आवेदन पर कांग्रेस सरकार से यह स्पष्टीकरण मांगा। प्रियांक खरगे ने सोमवार को इसकी पुष्टि भी की है। एजेंसी

### कर्नाटक में भाजपा नेता पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

**मंगलूरू।** भाजपा की कर्नाटक इकाई के पदाधिकारी अरुण कुमार पुथिला के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया। एक महिला ने उन पर 2003 में बंगलूरू के एक होटल में यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। हालांकि, पुथिला ने आरोपों को पूरी तरह निराधार करार बताया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि कथित अपराध तब हुआ था, जब उक्त महिला पुथिला की तरफ से चलाए जा रहे हिंदू समर्थक एक आंदोलन का हिस्सा बनना चाहती थी। एजेंसी

# आंध्र-तेलंगाना में बारिश का कहर, 31 की मौत, 432 ट्रेनें रद्द...जम्मू में बादल फटा

## मृतकों में महिला वैज्ञानिक भी शामिल, एनडीआरएफ की 19 टीमें तैनात

**नई दिल्ली/हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पिछले तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने कहर बरपा दिया है। दोनों राज्यों में अब तक 31 लोगों को मौत हुई है, जिनमें तेलंगाना में 16 और आंध्र प्रदेश में 15 मौतें शामिल हैं। जलभराव और बाढ़ प्रभावित इलाकों से 30 हजार से अधिक लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। तेलंगाना के केसमुद्रम में रेल पटरी बह गई है, जिसके चलते 432 ट्रेनों को रद्द किया गया है और 139 के मार्ग परिवर्तित किए गए हैं। कर्नाटक में भी ट्रैक पर पानी भर गया है इसके चलते बंगलूरू जाने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है। उधर, जम्मू के बनिहाल में बादल फटने से नाले में बाढ़ आ गई, जिसकी चपेट में आने से एक की मौत हो गई।

आंध्र प्रदेश में एनटीआर, गुंटूर, कृष्णा, इलुरु, पलनाडू, बपटला और प्रकाशम जिले सबसे बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। अकेले आंध्र प्रदेश में 4.5 लाख लोग बारिश और बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। विजयवाड़ा शहर में जगह-जगह पानी भर गया है। लोगों को दूध सहित आवश्यक वस्तुओ के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। विजयवाड़ा के साथ ही हैदराबाद में सड़कों पर लंबा जाम लगा रहा है। टेलीफोन और इंटरनेट सेवाएं बाधित हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 19 और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की 20 टीमों को राहत और बचाव कार्य में लगाया गया है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू खुद राहत सामग्री लेकर पीड़ितों के पास पहुंच रहे हैं। प्रकाशम जिले में सोमवार को बांध से 11.3 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद कई इलाकों में जलभराव हो गया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राज्य के बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा करने और बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की अपील की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए पांच-पांच लाख रुपये आर्थिक सहायता की घोषणा की है। राज्य में मरने वालों में आईसीएआर की वैज्ञानिक एन अश्विनी भी शामिल हैं जो छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तैनात थीं। वह अपने पिता के साथ कार में जा रही थी, महबूबाबाद जिले में रविवार तड़के उनकी कार बह गई और दोनों की मौत हो गई। अधिकारियो का कहना है कि बारिश और बाढ़ के चलते 5,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। केंद्र से 2,000 करोड़ रुपये की तात्कालिक मदद मांगी है। 1.5 लाख एकड़ में खड़ी फसलों को नुकसान हुआ है। ब्यूरो


आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में भारी बारिश के बाद पॉश कॉलोनी में बाढ़ के पानी में डूबी कारें। एजेंसी

### बदरीनाथ हाईवे बंद होने से 2,000 यात्री फंसे

उत्तराखंड में चमोली जिले में रविवार रात को हुई बारिश से बदरीनाथ हाईवे पागलनाला, पातालगंगा, छिनका, नंदप्रयाग सहित अन्य जगहों पर मलबा आने से बंद हो गया, जिससे बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब जाने वाले करीब 2000 तीर्थयात्री जगह-जगह फंसे रहे। एनएचआईडीसीएल व बीआरओ की जेसीबी ने हाईवे से मलबा हटाने के बाद सोमवार को दोपहर 12 बजे आवाजाही सुचारू कराई। हालांकि, नंदप्रयाग के पास मलबा अधिक होने से हाईवे सुचारू नहीं हो पाया, जिससे कोठियालसैंण-सैकोट बाईपास से वाहनों की आवाजाही कराई गई।

***महाराष्ट्र में चार की मौत:*** *महाराष्ट्र के मराठवाड़ा में बारिश के जुड़ी घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई है। परभड़ी, नांदेड़ और छत्रपति संभाजीनगर जिले में भारी बारिश हुई है। परभड़ी के पथरी गांव में 24 घंटे में सबसे अधिक 314 मिनी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। नांदेड़ में विष्णुपुरी बांध का जलस्तर बढ़ने से उसके कई गेट खोलने पड़े हैं।*

### जम्मू के बनिहाल नाले में बाढ़ आने से एक व्यक्ति की मौत

**रामबन।** बादल फटने से बनिहाल में नाले में आई बाढ़ में एलएंडटी मशीन का सहायक बह गया। मृतक की पहचान जहीर अहमद पुत्र अब्दुल कयूम निवासी मंजूस, तहसील खारी, रामबन के रूप में हुई है। सोमवार शाम को बारिश के बीच अचानक बादल फटने से बनिहाल और बैंकूट गुजरनार नाले में बाढ़ आ गई। इसमें एलएंडटी मशीन का सहायक फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सहायक के शव को स्पोर्ट्स स्टेडियम बनिहाल के पास नाले से निकाला। संवाद

### मणिपुर में दो दिन में दूसरा ड्रोन हमला, एक और महिला घायल

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में सोमवार को संदिग्ध उग्रवादियों की ओर से ड्रोन का इस्तेमाल कर बम हमला किया गया। हमले में 23 वर्षीय एक महिला घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उसकी हालत स्थिर बताई गई है।

पुलिस ने बताया कि दो दिन में यह दूसरा ड्रोन हमला है। सेनजम चिरांग में सोमवार शाम को एक ड्रोन से कम से कम दो विस्फोटक गिराए गए, जिसमें महिला घायल हो गई। आतंकवादियों ने पहाड़ी की चोटी से सेजम चिरांग गांव पर भी अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उधर, जिले में एक गांव में खाली पड़े पांच घरों में संदिग्ध उग्रवादियों ने आग लगा दी। वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि रविवार दोपहर से ही उग्रवादी घाटी के कौत्रुक और पास के कदंगबंद में लगातार गोलीबारी कर रहे थे। सुरक्षा बलों ने पीछा किया तो भाग निकले। इस दौनान कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने पांच सूने घरों को फूंक दिया। इससे गांव में दहशत का माहौल है। एजेंसी

### मप्र : इंदौर में महिला डॉक्टर के कमरे में घुसा नशे में धुत युवक, दुर्व्यवहार की कोशिश

**इंदौर।** इंदौर के शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय (एमवाईएच) में एक मरीज के नशे में धुत तीमारदार ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात 25 वर्षीय महिला जूनियर डॉक्टर के कमरे में घुसने की कोशिश की और उसके साथ अभद्र व्यवहार भी किया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

**डॉक्टरों ने सुरक्षा पर उठाए सवाल जांच के आदेश**

घटना से नाराज जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जेडीए) की ओर से एमवाईएच की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए जाने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने जांच का आदेश दिया है। जेडीए ने मांग की कि कोलकाता के एक अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या की वारदात से सबक लेकर एमवायएच में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की जानी चाहिए। अधिष्ठाता (डीन) डॉ. संजय दीक्षित ने बताया कि एमवाईएच की महिला जूनियर डॉक्टर के साथ हुई घटना की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति बनाई गई है। ब्यूरो

### उत्तराखंड : 4 साल की बच्ची से स्कूल में सामूहिक दुष्कर्म तीनों आरोपी नाबालिग

**सितारगंज।** उत्तराखंड के सितारगंज में मासूम बच्ची से उसके ही स्कूल के तीन बच्चों ने सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। तीनों आरोपी नाबालिग हैं और उनकी उम्र 9 साल, 11 और 14 वर्ष है। आरोपियों में एक विशेष समुदाय का होने पर बवाल की आशंका को देखते हुए पुलिस ने एहतियातन भारी फोर्स तैनात कर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को संरक्षण में लिया है जबकि 14 वर्षीय विशेष समुदाय का युवक फरार है।

**विशेष समुदाय का किशोर भी शामिल इलाके में तनाव**

सोमवार को एक गांव की महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी चार वर्षीय बेटी के साथ स्कूल में उसी के नाबालिग साथियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। वह ऐसे ही पढ़ने के लिए गांव के सरकारी स्कूल चली जाया करती है। सोमवार को भी वह सुबह करीब आठ बजे स्कूल गई थी। दो-तीन घंटे बाद वह रोती हुई घर आ गई। महिला ने जब रोने की वजह पूछी तो उसने बताया कि स्कूल में पढ़ने वाले तीन बच्चों ने उसके निजी अंगों के साथ छेड़खानी की है। इसके बाद महिला ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया। संवाद

**जम्मू-कश्मीर विस चुनाव : भाजपा 51 तो कांग्रेस ने किया 32 नामों का एलान**

# भाजपा ने 6 और उम्मीदवार किए घोषित, रैना को नौशेरा से टिकट

अमर उजाला ब्यूरो

**जम्मू।** भाजपा ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए अपने छह और उम्मीदवारों का एलान किया। चौथी सूची में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रवींद्र रैना को नौशेरा से टिकट दिया गया है।

इस सूची के साथ पार्टी ने अब तक 51 उम्मीदवारों का एलान किया है। इसमें कश्मीर घाटी से 14 प्रत्याशी भी शामिल हैं। कश्मीर घाटी में भाजपा अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाई है। रैना 2014 के चुनाव में भी राजोरी जिले के नौशेरा से जीते थे। यह उनका गृह निर्वाचन क्षेत्र है। अन्य उम्मीदवारों में पूर्व एमएलसी विबोध गुप्ता को राजोरी (एसटी), एजाज हुसैन को लाल चौक, आरिफ राजा को ईदगाह, अली मोहम्मद मीर को खानसाहिब और जाहिद हुसैन को चरार-ए-शरीफ से मैदान में उतारा गया है। इन सीटों पर दूसरे चरण में 25 सितंबर को वोट डाले जाएंगे। पहला चरण 18 सितंबर और तीसरा चरण एक अक्तूबर को होगा।

### कांग्रेस ने दूसरे चरण के लिए छह प्रत्याशियों का किया एलान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के दूसरे चरण के लिए अपने छह उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। प्रदेश अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा को श्रीनगर की सेंट्रल शाल्टेंग विधानसभा सीट से उतारा गया है। वहीं, माता वैष्णो देवी सीट से भूपेंद्र जामवाल पार्टी के उम्मीदवार होंगे। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद घोषित सूची के मुताबिक, रियासी से मुमताज खान को टिकट मिला है। वहीं, राजौरी से इफ्तार, थन्ना मंडी से साबिर अहमद खान और सुरनकोट से मोहम्मद शाहनवाज चौधरी को पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी की यह दूसरी सूची है। इससे पहले 29 अगस्त को पहले चरण की नौ सीटों के लिए उम्मीदवारों का एलान किया गया था। कांग्रेस प्रदेश में कुल 32 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि छह ऐसी सीट हैं जिस पर नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार होंगे। ब्यूरो

**पीडीपी को झटका, प्रवक्ता ताहिर का पार्टी से इस्तीफा :** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को झटका लगा है। पार्टी के प्रवक्ता ताहिर सईद ने पार्टी के फैसलों पर असंतोष जताते हुए इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने एक्स पर अपने एक पोस्ट में लिखा, भारी मन से वह पीडीपी के साथ अपना दस साल का रिश्ता खत्म कर रहे हैं।

# हरियाणा विस चुनाव : कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने 34 नामों को दी मंजूरी

## सूची में मौजूदा 22 विधायकों के नाम भी शामिल

**नई दिल्ली।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने सोमवार को बैठक में 34 उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया। कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि मंगलवार को भी जारी रहेगी और अंतिम सूची बुधवार तक जारी कर दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि विनेश फोगाट को लेकर चल रही अटकलों पर मंगलवार तक विराम लग जाएगा। चयन समिति ने 49 नामों की सूची पेश की थी, जिनमें से 15 नाम लंबित हैं। मौजूदा 22 विधायकों के नामों को भी मंजूरी दी गई है। सूत्रों के अनुसार, सोमवार को मंजूर की गई सूची में पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा का नाम भी शामिल है।

बाबरिया ने कहा कि कुछ नाम समीक्षा समिति को भेजे गए हैं और समिति उन पर मंगलवार को फैसला करेगी। इनमें कांग्रेस की हरियाणा इकाई के प्रमुख और विधायक दल के नेता का नाम भी शामिल है। उम्मीदवारी का मानदंड उन नेताओं की जीतने की क्षमता पर आधारित है। सूची में सर्वेक्षण में आए उम्मीदवारों के नाम शामिल किए गए हैं। ये दो बार से अधिक चुनाव नहीं हारे हैं। चुनाव आयोग ने शनिवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीख एक अक्तूबर से बढ़ाकर पांच अक्तूबर कर दी। आयोग ने यह निर्णय बिश्नोई समुदाय के त्योहार को ध्यान में रखते हुए लिया है। अब जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए वोटों की गिनती 8 अक्तूबर को होगी। ब्यूरो

# सेबी प्रमुख पर कांग्रेस का नया आरोप, कहा–आईसीआईसीआई से भी वेतन लेती रहीं बुच

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच के खिलाफ नया आरोप लगाया कि 2017 से 2021 तक नियामक की पूर्णकालिक सदस्य रहने के दौरान और फिर 2022 में इसकी अध्यक्ष बनने के बाद भी वह आईसीआईसीआई से वेतन लेती रहीं। पार्टी के मुताबिक उन्होंने इस दौरान बैंक से करीब 16.80 करोड़ प्राप्त किए।

पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रेस कांफ्रेंस में यह आरोप लगाने के साथ कहा कि यह बिलकुल शतरंज के खेल की तरह है। इसमें प्यादे हैं राजा और वजीर हैं, लेकिन वह किसके इशारे पर चाल में शामिल हो रहे हैं, यह पता लगाना बाकी है। उन्होंने सेबी प्रमुख को दो दिन के भीतर यह बताने को कहा कि उन्होंने आईसीआईसीआई से जो धन प्राप्त किया वह उन्हें किस एवज में दिया गया और उन्होंने इसके बदले में क्या लाभ दिए। ब्यूरो

### आईसीआईसीआई ने कहा-सेवानिवृत्ति के बाद बुच को कोई वेतन नहीं दिया

आईसीआईसीआई ने सेबी प्रमुख पर कांग्रेस के आरोपों को एकदम निराधार करार दिया है। बैंक की तरफ से कहा गया कि उसने अक्तूबर 2013 में बुच की सेवानिवृत्ति के बाद से उन्हें कोई भी वेतन या ईएसओपी नहीं दिया। बैंक ने कहा, हमारे नियमों के तहत ईएसओपी आवंटित किए जाने की तारीख से अगले कुछ वर्षों में मिलते हैं। बुच को ईएसओपी आवंटन किए जाते समय लागू नियमों के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों समेत बैंक कर्मचारियों के पास विकल्प था कि वे तय तारीख से 10 साल की अवधि तक कभी भी अपने ईएसओपी का उपयोग कर सकते हैं।

**सीवीसी की रिपोर्ट** | **658 मामलों में अभी शुरू नहीं हो पाई जांच, 74 प्रकरण तीन से पांच साल पुराने**

# सीबीआई जांच वाले 6,900 केस लंबित, 361 तो 20 वर्षों से लटके

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की ताजा वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि सीबीआई जांच पूरी होने के बाद 6,900 से अधिक मामलों में अदालत से सिर्फ तारीख पर तारीख ही मिल रही है। इन मामलों में 361 तो ऐसे हैं, जो 20 वर्षों से अधिक समय से अदालतों में लटके हैं। यही नहीं, 658 मामले सीबीआई जांच के लिए लंबित हैं, जिसमें 48 पांच साल से अधिक समय से अटके हैं।

सीवीसी की तरफ हाल में जारी रिपोर्ट में इस पर गहरी चिंता जताई कि कुल लंबित 6,903 मामलों में करीब 35 फीसदी ऐसे हैं, जो 10 वर्षों से अधिक समय से लंबित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सीबीआई और आरोपियों की तरफ से हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई 12,773 अपील या फिर पुनर्विचार याचिकाओं पर भी कोई फैसला नहीं आया है। अपील या पुनर्विचार याचिकाओं में से 501 तो 20 वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं। इसके अलावा, 1,138 मामले 15 वर्ष से 20 वर्ष के बीच अवधि के हैं। वहीं, 2,558 मामले 10 वर्ष से अधिक लेकिन 15 वर्ष से कम समय के हैं। 3,850 मामले पांच से 19 वर्ष पुराने हैं, 2,172 दो से पांच वर्ष तक और 2,554 दो वर्ष से कम समय से लंबित हैं। एजेंसी



**1,379** मामले 3 साल से चल रहे

**875** तीन से पांच साल के बीच के

**2,188** मामले पांच से दस वर्ष तक के | **2,461** केस 10 वर्ष से ज्यादा पुराने

(दिसंबर 2023 तक की स्थिति)

### एक साल की निर्धारित अवधि में पूरी नहीं हुई जांच

सीवीसी के मुताबिक, सामान्यतः सीबीआई से मामला दर्ज करने के एक साल के भीतर जांच पूरी करने की अपेक्षा की जाती है। जांच पूरी होने का मतलब है कि जहां आवश्यक हो सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी लेकर कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल कर दिया जाए। फिर भी, 658 मामले जांच के स्तर पर ही लंबित हैं। इनमें 74 तीन साल से पांच साल पुराने हैं, जबकि 75 मामले दो से तीन साल के बीच की अवधि के हैं।

■ इसके अलावा, 175 मामले एक से दो साल के बीच और 286 मामले एक साल से कम समय से लंबित पाए गए।

**काम का बोझ...जांच पूरी होने में देरी की बड़ी वजह :** रिपोर्ट के मुताबिक, सीबीआई जांच पूरी होने में देरी के कारणों में अत्यधिक काम का बोझ भी बड़ी वजह है। इसके अलावा, इसमें पर्याप्त श्रमशक्ति न होना, अनुरोध पत्रों पर जवाब आने में देरी और अभियोजन के लिए सक्षम प्राधिकारियों की स्वीकृति लंबित होना भी शामिल है।

■ रिपोर्ट के मुताबिक, 31 दिसंबर 2023 तक सीबीआई में 1,610 खाली पद थे, जबकि इसमें कुल स्वीकृत पदों की संख्या 7,295 थी।

### केंद्र ने गठित किया 23वां विधि आयोग

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार देर रात को 23वें विधि आयोग के गठन की अधिसूचना जारी। तीन साल की अवधि के लिए गठित किए जाने वाले आयोग के अध्यक्ष और सदस्य सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के सेवारत न्यायाधीश होंगे। वे सेवानिवृत्ति की तारीख या कार्यकाल की समाप्ति तक जो भी पहले हो, पूर्णकालिक आधार पर कार्यरत रहेंगे।

आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य के रूप में कार्यों के निष्पादन में उनकी ओर से बिताया गया समय वास्तविक सेवा के रूप में माना जाएगा। 22वें विधि आयोग का कार्यकाल 31 अगस्त को समाप्त हो गया था। कानून मंत्रालय के आदेश के अनुसार, पैनल में एक पूर्णकालिक अध्यक्ष और सदस्य-सचिव समेत चार सदस्य होंगे। ब्यूरो

# फिल्म इमरजेंसी के खिलाफ जनहित याचिका पर मप्र हाईकोर्ट का नोटिस

## संबंधित पक्षों से 24 घंटे में जवाब देने को कहा

**जबलपुर।** दो सिख संगठनों की जनहित याचिका पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सोमवार को अभिनेत्री कंगना रनौत, केंद्र, सेंसर बोर्ड और अन्य को नोटिस जारी किया। इसमें कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' की स्क्रीनिंग को चुनौती देते हुए इसके दृश्य सिखों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। पीआईएल में अभिनेत्री एवं सांसद कंगना और उससे जुड़े अन्य लोगों से बिना शर्त माफी मांगने की मांग की गई है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ की खंडपीठ ने याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए, जिनके जवाब 24 घंटे में देने होंगे। ब्यूरो

### सीबीएफसी ने रोका प्रमाणपत्र कंगना बोलीं-अन्यायपूर्ण फैसला

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' का केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने प्रमाणपत्र रोकने की वजह से इसकी रिलीज अटक गई है। बोर्ड के इस फैसले पर कंगना ने सोमवार को कहा कि यह बहुत निराशाजनक और अन्यायपूर्ण है कि सेंसरशिप केवल उनकी फिल्म के लिए है। उन्होंने कहा, मैंने इस फिल्म को बहुत ही आत्मसम्मान के साथ बनाया है, यही वजह है कि सीबीएफसी किसी विवाद की ओर इशारा नहीं कर सकता। उन्होंने मेरा प्रमाणपत्र रोक दिया है, लेकिन मैं अदालत में लड़ूंगी और बिना कट के फिल्म को रिलीज कराऊंगी। एजेंसी



संवाद हरियाणा — स्वर्णिम शताब्दी की ओर

संवाद होगा तो नए विचार आएंगे, उन सपनों को पूरा करने के तरीके आएंगे। इससे तरक्की की नींव पर खुशहाली की इमारत खड़ी हो सकती है। इसी उद्देश्य से गुरुग्राम के होटल क्राउन प्लाजा में सोमवार को अमर उजाला संवाद हुआ। जानी-मानी हस्तियों ने भविष्य की संभावनाओं को तलाशा। अपने सरोकार और कार्ययोजना को साझा किया। इस दौरान विकास, शिक्षा, खेल, फिल्म, समेत जरूरी मुद्दों पर मंथन हुआ।

# सरकार किसानों के साथ...नीति-नीयत ठीक हरियाणा का तेज गति से हुआ विकास : सीएम

## अमर उजाला संवाद में सीएम सैनी ने दस साल की उपलब्धियां गिनाईं

तीसरी बार सरकार बनने पर हरियाणा के विकास का खाका पेश किया

हरियाणा पहला राज्य है, जो किसानों से 100 प्रतिशत फसल खरीदेगा

अमर उजाला ब्यूरो

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की नीति और नीयत ठीक है। बीते दस साल में हरियाणा का तेज गति से विकास हुआ है। बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, कृषि समेत सभी क्षेत्रों के लिए नए मानक तय किए गए हैं।

गुरुग्राम में सोमवार को अमर उजाला संवाद में मुख्यमंत्री ने बीते दस साल की भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए तीसरी बार सरकार बनने पर हरियाणा के विकास का खाका भी पेश किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यकीन दिलाया कि तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों के साथ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश की बहुत सारी समस्याओं का समाधान कर दिया है। विकास की गति को तेज किया है।

### स्वास्थ्य सेवाएं हुईं बेहतर

सैनी ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश में बुनियादी बदलाव हुए हैं। जिला अस्पतालों की सुविधाएं बेहतर करने के साथ 15 मेडिकल कॉलेज शुरू हुए हैं। सात पर काम चल रहा है। नई सरकार बनते ही उद्घाटन कर दिया जाएगा। महिलाओं के सशक्तिकरण पर सीएम ने कहा कि बच्चियों को बीस किमी के दायरे में उच्च शैक्षणिक संस्थान मुहैया कराने के लिए सरकार ने सुनियोजित तरीके से काम किया। 2014 के 28 कॉलेजों की तुलना में आज 70-75 कालेज हो गए हैं। लैंगिक असमानता दूर करने के लिए पीएम ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की जो मुहिम शुरू की, उसका नतीजा यह रहा कि लाखों बच्चियों को बचाया जा सका है।

दस साल पहले की सरकारों और भाजपा की सरकार के काम में जमीन आसमान का अंतर है। आम लोगों की जिंदगी को आसान करने वाले ढेरों फैसले हमारी सरकार ने लिए हैं।

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश**




हरियाणा में आज 24 घंटे बिजली मिल रही है और बिल भी पहले से कम हुआ है। 6500 गांवों में से 5882 गांव इससे जुड़े हैं। बाकी को भी नई सरकार बनते ही यह सुविधा मिलने लगेगी।

### कोई भी अग्निवीर नहीं होगा बेरोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है। रोजगार के साथ इसके जरिए युवाओं में देशभक्ति व देश सेवा का भाव भरा जा रहा है। जो युवा चार साल सेना में सेवा देंगे, सरकार उनको बेरोजगार नहीं होने देगी। इनमें से कुछ आगे भी सेना में रहेंगे। जो बाहर आएंगे, उनको सरकारी नौकरी दी जाएगी। अगर कोई अपना उद्योग लगाना चाहता है तो बैंक से लोन दिलाने में सरकार मदद करेगी। निजी सेक्टर में भी यह अपनी सेवाएं दे सकेंगे। हरियाणा सरकार सरकारी नौकरियों में 10% आरक्षण दे रही है। एक भी अग्निवीर घर नहीं बैठेगा।

**15** मेडिकल कॉलेज प्रदेश में शुरू किए गए, सात पर काम चल रहा है। जिला अस्पतालों की सुविधाएं भी होंगी बेहतर। नई सरकार बनते ही इनका भी उद्घाटन कर दिया जाएगा।

### किसान भाजपा से नाराज नहीं हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान भाजपा से नाराज नहीं हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना समेत दूसरी तमाम योजनाएं हैं, जिनका उनको फायदा हुआ है। आज किसानों को 14 फसलों पर एमएसपी मिल रहा है, जबकि 2014 से पहले सिर्फ दो फसलों पर मिलता था। हरियाणा पहला राज्य है, जो किसानों से 100% फसल खरीदेगा। किसानों को ई-मंडी से जोड़ा गया है। किसान रेल के जरिए भी किसान अच्छा भाव देखकर अपनी फसलें भेज सकते हैं।

# नो वन किल्ड इंदिरा : कंगना

## अभिनेत्री व सांसद ने कहा- सेंसर बोर्ड ने बिना मेरा पक्ष लिए फिल्म इमरजेंसी पर लगा दी रोक




**गुरुग्राम।** अपनी इमरजेंसी फिल्म की रिलीज पर सेंसर बोर्ड की ओर से रोक लगाने से खफा मंडी से सांसद व फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने संवाद कार्यक्रम में कहा, 'अब मुझे लगने लगा है कि अपनी फिल्म इमरजेंसी का नाम ही बदल दूं। इसका नाम रख दूं, नो वन किल्ड इंदिरा गांधी। सेंसर बोर्ड ने भी विरोध कर रहे संगठनों से मेरी बात कराए बिना ही फिल्म पर रोक लगा दी। मैं इससे बहुत निराश हूं।'

कंगना ने कहा कि पहले सेंसर बोर्ड ने मेरी फिल्म को रिलीज की अनुमति दे दी। अब रोक लगा दी। इसके लिए तर्क-वितर्क नहीं हुआ। सीधा बंदूकें तन रही हैं। मुझे कोई बातें सुनाई नहीं देती। यह फिल्म संविधान से जुड़ी एक अद्भुत घटना को सामने लाने वाली है। यह साक्ष्यों पर आधारित है। अगर सेंसर बोर्ड कहेगा तो इसके आधार बने दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे। अगर फिल्म का कोई दृश्य आधारहीन हुआ तो फिल्म से निकाल दिया जाएगा, लेकिन बात तो कीजिए। हमसे रोक लगाने से पहले कोई बात नहीं की गई।

### दबाई जा रही मेरी आवाज

कंगना ने नाराजगी जताते हुए कहा कि मेरी आवाज दबाई जा रही है। सत्य घटना नहीं दिखाने का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि इसी विषय पर यह फिल्म है कि कैसे लोगों की आवाज इमरजेंसी के समय दबाई गई? फिर मुस्कराते हुए कहा कि अब खुद बताइए, बिजली कड़कने से तो नहीं मरीं इंदिरा गांधी कि पेड़ गिर गया, उससे ऐसा हुआ। किसी अपराध को धर्म से जोड़कर राजनीति करेंगे तो देश बंदूकों के रास्ते पर ही चलेगा। बहुत खून देखा है देश ने। हमें ये जानने का अधिकार है कि इमरजेंसी क्यों लगी? ब्यूरो

### हमारी पीढ़ी कायरों की नहीं

कंगना ने कहा कि अगर कुछ लोगों ने उम्मीद लगा रखी है कि देश के टुकड़े होंगे। धर्म के नाम अलग देश की मांग कर सरकार चलाएंगे तो बता दूं, हमारी पीढ़ी कायरों की नहीं है, जो बैठे-बैठे देखते रहेगी। अगर टुकड़े गैंग की बात सुनी जानी चाहिए तो मेरी फिल्म भी देखी जानी चाहिए। फिल्म आएगी तो मुझे उम्मीद है कि राष्ट्रवादी इस फिल्म को देखने जाएंगे। लोग सड़क पर आ गए हैं। देश को जलाने की धमकी देते हैं। इससे तो देश और पीछे चला जाएगा।



## सुमेध : रूट कैनाल करने में मजा नहीं आ रहा था

**गुरुग्राम।** मिमिक्री आर्टिस्ट सुमेध शिंदे ने कहा कि मैं पेशे से डेंटिस्ट हूं। पढाई मैंने भले ही डेंटिस्ट बनने के लिए की लेकिन मुझे रूट कैनाल करने में मजा नहीं आ रहा था। ...तो मिमिक्री आर्टिस्ट बन गया। उन्होंने कहा, बहुत कम लोगों को पता है कि लाल सिंह चड्ढा की अंग्रेजी में डबिंग में आमिर खान की आवाज मेरी है। ब्यूरो

कांग्रेस नेता ने संवाद कार्यक्रम में कहा-

# कांग्रेस में दिया जाता है सभी को मान-सम्मान : सचिन पायलट

**गुरुग्राम।** राजस्थान के पूर्व उप-मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने संवाद कार्यक्रम में दावा किया कि इस बार कांग्रेस हरियाणा में तीन चौथाई बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। मनोहर लाल सरकार पर चुटकी लेते हुए सचिन ने कहा कि यदि उनकी सरकार इतना बढ़िया काम कर रही थी तो नौ साल बाद हटाने की जरूरत क्यों पड़ी। कांग्रेस के भीतर की गुटबाजी के सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी में सभी को मान-सम्मान दिया जाता है। दूसरी पार्टी में किसी को बोलने की भी आजादी नहीं है, जहां तक हरियाणा चुनाव की बात है तो




पार्टी जिसका टिकट फाइनल करेगी, सभी उसे मिल-जुलकर चुनाव लड़ाएंगे। ब्यूरो

### यदि नेता न होते...

पायलट से पूछा गया कि यदि वे नेता न होते तो क्या होते। इस पर उन्होंने कहा कि बहुत सोच-समझकर राजनीति में आया हूं। पिता राजेश पायलट का निधन वर्ष 2000 में हो गया था। इसके बाद पहले नौकरी की। पिता की मौत के चार साल बाद राजनीति में आया। चुटकी लेते हुए सचिन ने कहा कि नेता न होता तो कम से कम पत्रकार भी न होता।

### शिक्षित को मिले मौका

सचिन ने कहा कि कोई भी चुनाव हो, लोकसभा, विधानसभा, महापौर, पार्षद या प्रधान का चुनाव वहां पढ़े-लिखे, शिक्षित लोगों को मौका मिले।

'मुल्तान के सुल्तान' ने खुलकर रखी अपनी राय

# देश की शान हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी : वीरेंद्र सहवाग

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की शान हैं, उनके नेतृत्व में देश ने खूब तरक्की की है। पूरे विश्व में देश का खूब नाम हुआ है। संवाद कार्यक्रम के दौरान पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने अपनी बेबाक राय रखते हुए प्रधानमंत्री की जमकर तारीफ की।

'मुल्तान के सुल्तान' और 'नवाब ऑफ नजफगढ़' जैसे खिताबों से नवाजे गए सहवाग ने बीसीसीआई सचिव जय शाह की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि शाह के सचिव बनने के बाद खिलाड़ियों की समस्याएं कम हुई हैं। साथ ही, बीसीसीआई




का राजस्व भी बढ़ा है। अब हर राज्य को क्रिकेट के लिए खूब पैसा मिल रहा है। ब्यूरो

### किशोर के गाने पसंद

सहवाग ने कहा कि मुझे संगीत खूब पसंद है। संगीत से मूड बदलता है। मैं किशोर कुमार के गानों को गुनगुनाना पसंद करता हूं। जब सहवाग के बल्ले से धुनाई करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने शोएब अख्तर का नाम लिया। पाकिस्तान जाने पर शोएब के खाना खिलाने को भी सहवाग ने याद किया।

### टी-20 ने माइंडसेट बदला

सहवाग ने कहा कि टी-20 के आने के बाद सबका माइंडसेट बदला है। लोग भी अब टेस्ट क्रिकेट को वनडे की तरह देखना चाहते हैं, लेकिन वे इसके खिलाफ हैं।

# खुद की खूबी पहचान लेने में छिपा है कामयाबी का राज

## बीके शिवानी...परमात्मा ने कहा- साधनों का इस्तेमाल करो, साधना को नहीं भूलो

**गुरुग्राम।** संवाद कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर बीके शिवानी ने कहा कि विज्ञान ने हमारे जीवन को आसान बनाने के लिए बहुत से साधन दिए, लेकिन हम उसके गुलाम बन गए। परमात्मा ने कहा कि साधनों का इस्तेमाल करो, लेकिन साधना को नहीं भूलो। आज के दौर में हम अपने मन के लिए भी समय नहीं निकाल पा रहे हैं, इसलिए बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए। सोच से संस्कार और संस्कार से संचार बदलता है। अध्यात्म भी वैज्ञानिक है और संकल्प से सिद्धी का मंत्र सिखाता है। बेहतर जीवन जीने के लिए सकारात्मक अनुभूति जरूरी है।

सिस्टर शिवानी ने कहा कि विज्ञान हमारे जीवन में बेहद अहम और शक्तिशाली है। विज्ञान प्रमाणों पर आधारित है, लेकिन अध्यात्म अनुभव देता है। जैसा अन्न वैसा मन और घर में जो खाना बनाता है, उसकी मनोस्थिति से ही मन बनता है। अध्यात्म से दूरी की वजह से डिप्रेशन, स्ट्रेस, टेंशन, डायबिटीज बच्चों तक बढ़ी है। यही वजह है कि हम एक असफल समाज हो गए हैं। ब्यूरो



**जीवन मंत्र**

1. बच्चों को अच्छे संस्कार दो। सोच से संस्कार और संस्कार से संचार बदलता है।
2. बेहतर जीवन जीने के लिए सकारात्मक अनुभूति बेहद जरूरी है।




## नित्यानंद चरण दास...शरीर के लिए हम सब कुछ कर रहे, आत्मा के लिए कुछ नहीं

**गुरुग्राम।** आध्यात्मिक गुरु नित्यानंद चरण दास ने संवाद कार्यक्रम में कहा कि दो दशक में सफलता की परिभाषा बदल गई है। हम शरीर के लिए सब कुछ कर रहे हैं, लेकिन आत्मा के लिए कुछ नहीं कर रहे। यही कारण है कि सफलता के नाम पर प्रयास काफी है, लेकिन असल सफलता नहीं मिल रही है। अध्यात्म के जरिये हम इस कमी को पूरा कर सकते हैं। इसमें हमें कुछ भी त्यागने की आवश्यकता नहीं है, हमें बस अपने जीवन में इस मूल्यवान आयाम को जोड़ना है।

- नित्यानंद ने अंते नारायण स्मृति का मंत्र देते हुए कहा कि किसी भी परीक्षा को पास करने के लिए उसकी तैयारी बेहद अहम है। हमारे जीवन यात्रा का सबसे अहम सिद्धांत है कि लाइफ इज प्रिपरेशन एंड डेथ इज द एक्जामिनेशन। जीवन इस प्रकार जीना चाहिए कि अंत में नारायण की याद आए। ऐसा तभी होगा, जब हम पूरे जीवन इसका अभ्यास करते रहेंगे। अगर यह हुआ तो मानिए मनुष्य जीवन सफल हुआ है। ब्यूरो

**जीवन मंत्र**

1. सफलता के लिए पांच बातें बहुत मायने रखती हैं। इसमें व्यक्ति, स्थान, अपने प्रयास, भाग्य व ईश्वर पर उसका विश्वास शामिल है।
2. कई बार भाग्य साथ नहीं देता है, लेकिन ईश्वर पर विश्वास और परमात्मा की ताकत से व्यक्ति सफलता के पायदान चढ़ता है।

## आनंद कुमार...बच्चे को तैरने देकर उन्हें सीखने देना चाहिए

**गुरुग्राम।** संवाद कार्यक्रम में शिक्षाविद् और सुपर-30 के संस्थापक आनंद कुमार ने कहा कि बच्चों को तनावमुक्त रखने की पहली जिम्मेदारी अभिभावक की है। बच्चों को तैरने देकर उन्हें सीखने देना चाहिए। बेवजह की बंदिशें, कदम-कदम पर निगरानी और दूसरे बच्चों से तुलना से आज बच्चे दबाव में हैं।

उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने अधूरे सपनों को बच्चों के माध्यम से पूरा करना चाहते हैं। इससे बच्चा दबाव में आ जाता है। दूसरों से होने वाली तुलना के जरिये समाज भी बच्चे की परेशानी बढ़ाता है। कोचिंग में भी पैसे से एक बार तो उसका दाखिला हो जाता है, लेकिन वहां दोस्त की जगह दूसरे बच्चे प्रतिस्पर्धी होते हैं। कोचिंग में भी परिणाम लाने वाले बच्चे को तरजीह मिलती है। इससे कोचिंग संस्थान अपनी मार्केटिंग करते हैं। चारों तरफ से पड़ने वाले दबावों को बालमन झेल नहीं पाता। इसमें वह तनाव, अवसाद से होता हुआ कई बार आत्महत्या तक कर बैठता है। इसमें वह तनाव, अवसाद से होता हुआ कई बार आत्महत्या तक कर बैठता है। ब्यूरो



**सफलता के मंत्र**

1. बच्चों को तनावमुक्त रखने की पहली जिम्मेदारी अभिभावक की है
2. बेवजह की बंदिशें और कदम-कदम पर निगरानी बच्चों पर न रखें

अमर उजाला

Orient
LIGHTING A BETTER FUTURE
प्रस्तुति
अमर उजाला
संवाद
हरियाणा
स्वर्णिम शताब्दी की ओर

सफल जीवन का मतलब सुखी जीवन है। पानी से मछली को निकालने के बाद कितनी भी सेवा की जाए, लेकिन उसे खुशी नहीं मिलेगी। पानी मिलते ही वह खुश हो जाएगी। मनुष्य अंतकाल में जिस भाव का स्मरण करता है, उसी भाव में रहता है। जीवन में भगवान का स्मरण नहीं होने से अवसाद बढ़ रहा है। धरती को दुखालय कहा गया है। यही कारण है कि जीवन संघर्ष में मनुष्य दुख का भागी बनता है। - नित्यानंद चरण दास





हॉकी खिलाड़ी व ओलंपिक टीम का हिस्सा रहे शमशेर ने कहा-

# खेल एक ऐसा क्षेत्र जिसमें आकर ड्रग्स को भूल जाओगे

अमर उजाला ब्यूरो



**मेडल जीतकर ही दम लिया**

**गुरुग्राम।** अमर उजाला संवाद कार्यक्रम में ओलंपिक में हॉकी टीम का हिस्सा रहे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शमशेर सिंह ने कहा कि खिलाड़ी की ऊर्जा सही जगह लगती है। इससे ड्रग्स की तरफ ध्यान भी नहीं जाता। खिलाड़ी ड्रग्स नहीं ले सकता। पंजाब अब धीरे-धीरे स्पोर्ट्स की तरफ फिर से बढ़ने लगा है। खेल ही एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें आकर आप ड्रग्स को भूल जाओगे। धीरे-धीरे मैदान बन रहे हैं। इनमें बच्चे खेलेंगे और पढ़ने वाले बच्चे पढ़ाई पर ध्यान देंगे तो पंजाब आगे बढ़ता जाएगा।

उन्होंने कहा कि मेरा गांव पाकिस्तान के बॉर्डर से बस दो किलोमीटर की दूरी पर है। ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद वहां हॉकी के कई मैदान बन गए हैं। आसपास के 150 से ज्यादा बच्चे यहा खेल रहे हैं। हॉकी का काफी क्रेज हो गया है।

## फाइनल में न पहुंच पाने का दर्द किया साझा...

ओलंपिक के फाइनल तक न पहुंच पाने का दर्द साझा करते हुए शमशेर ने कहा कि आप सभी को उस शॉट पर बेहद दुख हुआ, लेकिन सबसे ज्यादा एक खिलाड़ी ही इस दर्द को महसूस कर सकता है कि जब वह शॉट नहीं लगा पता। वे जो आखिरी तीन या चार सेकंड होते हैं, उसमें बहुत कुछ दिमाग में चल रहा होता है, लेकिन काफी दुख हुआ हमने मेडल का कलर चेंज करने की बात कही थी। हम डिजर्व भी करते थे कि हम फाइनल खेलें, क्योंकि पूरे टूर्नामेंट में हमारा बहुत अच्छा प्रदर्शन था, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। इसके बाद पूरी टीम इकट्ठा हुई और बात की कि जो हमें सेमीफाइनल में हार मिली है, उसे भूलकर हम मेडल जीतकर ही दम लेंगे। खाली हाथ नहीं जाना है। जो गलतियां हमने सेमीफाइनल में कीं वह गलतियां नहीं करेंगे और कांस्य पदक लेकर ही घर जाएंगे और आखिर में वह कर भी दिखाया।

# मिमिक्री से सुमेध शिंदे ने किया भरपूर मनोरंजन

कहा- लाल सिंह चड्ढा की अंग्रेजी में डबिंग में आमिर खान की आवाज मेरी है

अमर उजाला ब्यूरो



**...मैं तेरा खून पी जाऊंगा**


**गुरुग्राम।** पेशे से डेंटिस्ट और कला से मिमिक्री आर्टिस्ट। सुमेध शिंदे ने अमर उजाला संवाद में अपनी कला से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। उनका कहना है कि लेकिन मुझे रूट कैनाल थेरेपी करने में मजा नहीं आ रहा था। ...तो मिमिक्री आर्टिस्ट बन गया।

सुमेध शिंदे ने कहा कि जब मैं पढ़ाई कर रहा था। उस समय बस कैरियर में डॉक्टर और इंजीनियर बनने की बात होती थी। भाई इंजीनियर बन गया और मैं डॉक्टर। डॉक्टरी की पढ़ाई मेरे सिर्फ एक काम आई। अंग्रेजी ठीक कर डबिंग करने में। बहुत कम लोगों को पता है कि लाल सिंह चड्ढा की अंग्रेजी में डबिंग में आमिर खान की आवाज मेरी है। आमिर खान के साथ सबसे ज्यादा काम करने का मौका मिला। कई दूसरे बड़े कलाकारों मसलन अनिल कपूर के लिए भी मैं आवाज दे चुका हूं।

## विटामिन सुमेध की डोज ने खूब गुदगुदाया

विटामिन सुमेध की डोज ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। पल पल दिल के पास... जैसे गाने भी गाए। इस दौरान उन्होंने इंडियन आइडल में अपने अनुभव भी साझा करते हुए जज अनु मलिक, सोनू निगम की मिमिक्री भी की कि ये कैसे गाना गाते हैं। सोनू निगम की आवाज में उन्होंने ... दिल चाहता है वो कहने दो। हल्का हल्का सा ये नशा, गाना भी गाया। पंकज त्रिपाठी, आमिर खान, अनिल कपूर की आवाज में धर्मेंद्र के प्रसिद्ध डायलॉग कुत्ते कमीने मैं तेरा खून पी जाऊंगा.... को भी उन्होंने सुनाया। यह सिलसिला एआर रहमान की आवाज में.. तू है मेरा संसार सा, तू मेरे लिए। रेमो फर्नांडीज की आवाज में हम्मा हम्मा...गाया। एसपी बालाकृष्णन के गानों की दर्शकों की मांग भी उन्होंने हंड्रेड डेज मूवी का गाना, सुन बेलिया... से पूरी की। उनका कहना था कि हरियाणा में आया और मिका सिंह की मिमिक्री नहीं की तो गलत होगा। सावन में लग गई आग... गाने से उन्होंने अपना शो खत्म किया।

# महंगे इलाज से हर साल 6 करोड़ लोग पहुंच जाते हैं गरीबी रेखा से नीचे



डॉ. सुचिन बजाज

**सिग्नस हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. सुचिन बजाज ने कहा, देश में अफोर्डेबल अस्पताल बनाने की जरुरत**

**गुरुग्राम।** स्वास्थ्य सेवा अब भी चुनौती बनी हुई है। सभी को इलाज मिलना चाहिए। गांवों और दूर-दराज के इलाकों में इस पर काम होना चाहिए। बड़े शहरों में इलाज कराने में लोगों के घर, संपत्ति तक बिक जाते हैं। कई बार ऐसा भी सुनने में आया कि इलाज में पूरा परिवार बर्बाद हो गया पति की मौत हो गई। पत्नी, बच्चों को बदहाली की जिंदगी गुजारनी पड़ी। अमर उजाला संवाद के विशेष सत्र में उजाला सिग्नस हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. सुचिन बजाज ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से स्वास्थ्य बीमा और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से मदद मिली है। लेकिन अभी भी लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। इस मामले में और कदम उठाने की जरूरत है। छोटे शहरों में असली जरूरत है। सरकार के साथ ही हम डॉक्टरों को भी आगे आना होगा। बड़े शहरों में ही सुविधा और महंगे इलाज की मजबूरी के कारण लोगों की संपत्ति बिक जाती है और हर साल देश में करीब छह करोड़ लोग इस कारण गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं।

ऐसे में जरूरी है कि छोटे शहरों और कस्बों में ऐसे अस्पताल हों जो कम लागत में इलाज की सुविधा लोगों को दे सकें। सभी को इलाज मिले। डॉ. बजाज ने कहा कि ऐसे अफॉर्डेबल अस्पताल हों जो बिना किसी मुश्किल के इलाज दे सकें। इसके लिए लो प्रोफिट मॉडल बनाने होंगे। ब्यूरो

**अमर उजाला के साथ से बढ़ा कारवां**

2019 में अमर उजाला का साथ मिला। इससे मरीजों को कम पैसों में इलाज दे पाए। अब हम पांच प्रदेशों में 23 अस्पताल चला रहे हैं। उत्तराखंड के कुमाऊं, कश्मीर के श्रीनगर जैसी जगहों पर हम आईसीयू जैसी सुविधाएं दे रहे हैं। कैंसर का इलाज चार अस्पतालों में शुरू कर चुके हैं। हर महीने 2000 ज्वाइंट रिप्लेसमेंट कर रहे हैं। न्यूरो, स्पाइन सर्जरी भी जल्दी शुरू करने जा रहे हैं। कुमाऊं के बाद श्रीनगर जैसी मुश्किल जगह पर हमने चिकित्सा सेवा देना शुरू किया है। 20 इमरजेंसी आईसीयू बेड की व्यवस्था की गई जो हमेशा फुल रहते हैं। यूपी में भी हमारा फोकस है। यहां स्वास्थ्य सुविधाएं अब भी कम हैं, जबकि आबादी ब्राजील से भी ज्यादा है। उजाला सिग्नस से भी हम छोटे शहरों में एक ही छत के नीचे ऐसी सुविधा देना चाहते हैं।

# भारत का नहीं...आईपीएल में कोच बनना पसंद करूंगा

**सहवाग बोले, बच्चों की पढ़ाई की वजह से अभी इसके लिए तैयार नहीं**




**ग्रुरुग्राम।** हरियाणा संवाद कार्यक्रम के दौरान जब पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग से पूछा गया कि यदि भारतीय टीम का कोच बनने का मौका मिले तो आप क्या करेंगे। सहवाग ने फौरन जवाब देते हुए इसे ठुकरा दिया। उन्होंने भारतीय टीम की जगह आईपीएल की किसी भी टीम का कोच बनने की बात कही। उन्होंने कहा कि फिलहाल वे परिवार को छोड़ना नहीं चाहते, यदि भारतीय टीम के कोच बनेंगे तो आठ-नौ माह के लिए परिवार को छोड़कर देश से बाहर रहना पड़ेगा। बच्चों की पढ़ाई और उनके भविष्य को देखते हुए वे इसके लिए तैयार नहीं हैं।

लाल और सफेद बॉल से क्रिकेट खेलने के दौरान अलग-अलग कप्तान बनाने की सहवाग ने जमकर वकालत की। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा होता है तो नए खिलाड़ियों को मौका मिलने के अलावा सीनियर खिलाड़ियों को आराम भी मिलेगा। विश्व की कई टीमों ने अलग-अलग बॉल व फॉरमेट के लिए तीन-तीन कप्तान बनाए हैं।

## घर में तो गृहमंत्री की ही चलती है

उनसे पूछा गया कि घर में किसकी चलती है तो चुटकी लेते हुए बोले कि घर में गृहमंत्री की ही चलती है। अपनी जर्सी का भी किस्सा सुनाया। बताया, पहले वे 44 नंबर की जर्सी पहने थे, लेकिन मां और पत्नी दोनों ने उनके लिए 40 और 2 नंबर की जर्सी का चुनाव किया। पत्नी दो और मां 40 नंबर की जर्सी पहनने के लिए कहती थीं। कुछ समय के लिए तो बिना नंबर की जर्सी पहनकर भी क्रिकेट खेला।

# मानसिक रोग बढ़ने से खुद को मारने वालों की संख्या ज्यादा



नित्यानंद चरण दास

**गुरुग्राम।** आध्यात्मिक गुरु नित्यानंद चरण दास ने संवाद कार्यक्रम में कहा कि मानसिक रोग बढ़ने से खुद को मारने वालों की संख्या ज्यादा है। एक आतंकी हमला होते ही सब लोग बात करने लगते हैं। एक मर्डर होता है तो खबर बन जाती है। एक वार शुरू होती है जो वर्षों चलती है, लेकिन वहीं पर जो लोग खुद को मार रहे हैं, उस पर कोई सवाल नहीं करता। लोग समझ भी नहीं रहे हैं कि मानसिक रोग बढ़ रहा है।

उन्होंने सवाल किया कि 1970-80 के मुकाबले बताइए कि आज लोग ज्यादा खुश हैं या दुखी हैं। हम विदेशी सभ्यता अपनाएंगे तो उसके साथ दूसरा पहलू भी आएगा, उसकी बुराइयां भी आएंगी। बीते 20 वर्षों में सफलता की परिभाषा बदल गई है। किस चीज को हम कामयाबी और सफलता मानते हैं। सबकी सफलता की परिभाषा अलग है। पहले सफलता चरित्र से मानी जाती थी। अब सफलता की परिभाषा पर्सनैलिटी से मानी जाती है। आप कैसे दिखते हैं, कैसा पहनते हैं, चाहें आपने किसी को धोखा ही क्यों न दिया हो। कैसे आप बाहरी तरीके से सफलता अर्जित करते हैं। हम जब फोन खरीदते हैं तो उसका मैन्युअल दिया जाता है। इससे हम गैजेट्स के बारे में पूरी जानकारी मिलती है।

गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं कि हम शरीर नहीं आत्मा हैं। आत्मा का तत्व अध्यात्म है। 84 लाख योनियों में कष्ट भोगते हैं और सुख के लिए मनुष्य जीवन मिलता है, लेकिन अध्यात्म से दूरी की वजह से यहां भी सुख नहीं मिलता। ब्यूरो

# काम, क्रोध, लोभ के कंटेंट नींद में भी हमारे चित्त पर रहते हैं हावी



बीके शिवानी

**गुरुग्राम।** मोटिवेशनल स्पीकर बीके शिवानी ने संवाद कार्यक्रम में जीवन, अध्यात्म और सफलता के मंत्र साझा किए। उन्होंने कहा कि हम भारतीयों ने विज्ञान और अध्यात्म के संबंध को पांच हजार वर्ष पहले से खोज लिया था, लेकिन फिर ऐसा क्या हुआ कि हम उस धारा से दूर हो गए। काम, क्रोध, लोभ के कंटेंट उपभोग करने के बाद नींद में भी यह हमारे चित्त पर हावी रहते हैं।

उन्होंने कहा कि अध्यात्म कोई दूसरा रास्ता नहीं है। इससे हम जीवन में चलना, सोचना और संस्कार सीखते हैं। कर्मयोगी बनकर बहुत कमाएं, लेकिन साथ-साथ संस्कारों का भी ध्यान रखें। शरीर के साथ-साथ मन का ध्यान रखना भी जरूरी है। अब साधनों के आने के बाद हम न ठीक से सोते हैं, न खाते हैं। आज लोग कहीं भी बैठे-बैठे सो जाते हैं। इसका मतलब है कि नींद की कमी है। अध्यात्म हमें सिखाता है कि रात में सोने से पहले मेडिटेशन करो और सुबह का एक घंटा अपने लिए रखो। हमें बताया गया है कि जितना पैसा और नाम कमाएंगे, उतने सफल माने जाएंगे, लेकिन संस्कारों के बारे में कोई नहीं सीखता।

विज्ञान ने जीवन को आसान बनाया है और साथ ही अब समाज में तनाव, डिप्रेशन, तलाक जैसे बहुत दुर्लभ शब्द भी शामिल हो गए हैं। विज्ञान के साधनों को हम बच्चों की तरह खेलने लगे। किसी को कहो कि ध्यान करिए तो लोगों को ये बेफिजूल की बात लगती है। हम ऐसे युग में रहते हैं जहां कोई बात बार-बार कही जाए तो वह हमारे जीवन पर ज्यादा प्रभाव डालती है। ब्यूरो

# युवा बेरोजगार न रहें, इसके लिए सही कोर्स, कॉलेज का चयन जरूरी



अमर उजाला संवाद में पैनल डिस्कशन में रूचिर अरोड़ा, सीईओ व सह संस्थापक कॉलेज देखो ने कहा कि मैंने खुद प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में मुश्किलें झेलीं। तब समझ आया कि टॉपर को हर कोई गाइड करना चाहता है। इसलिए, सोचा कि जिन्हें वास्तव में जरूरत है, उसके लिए कोई प्लेटफार्म बनाया जाए। हर साल 1.10 करोड़ छात्र प्रवेश लेते हैं। अधिकांश को पता नहीं होता कि किस कोर्स या कॉलेज में प्रवेश लें। हमने 2023 में एक लाख बच्चों को सही जगह एडमिशन कराने में मदद की। युवा बेरोजगार न रहें, इसके लिए सही कोर्स और कॉलेज का चयन जरूरी हो जाता है।

# निजी काम के लिए भाजपा में फोन नहीं उठता

**कंगना बोली... इमरजेंसी देखने के लिए मेरी पार्टी से अभी तक किसी ने नहीं रखी मांग**



**नई दिल्ली।** संवाद कार्यक्रम में एक सवाल के जवाब में सांसद व अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा कि सरकार हम लोगों के काम के लिए है। सरकार हमारे काम के लिए नहीं है। निजी काम के लिए कोई फोन नहीं उठाता, यही भाजपा की सच्चाई है।

फिल्म को लेकर सरकार के समर्थन न मिलने पर उन्होंने कहा कि ये भी देखिए कि फिल्म किस पर बनाई है। लोगों को भी समझना चाहिए कि द कश्मीर फाइल्स को किसी पार्टी के एजेंडा के लिए नहीं थी, यह राष्ट्रवाद के लिए थी। इमरजेंसी फिल्म देखने के लिए अभी तक मेरी पार्टी से किसी ने मांग नहीं रखी है।

वहीं, राहुल गांधी के भाजपा नफरत की राजनीति करती है वाले बयान पर सांसद ने कहा कि यह उनका निजी बयान है। देश आज नेशन फर्स्ट के नारे, राष्ट्रवाद, सबका साथ सबका विकास पर चल रहा है। कहां है नफरत? अब जितना दिमाग है, उतना ही तो वे बोलेंगे। मुझे उनसे कोई व्यक्तिगत बैर नहीं है। कोई गुस्सा नहीं है। उन्होंने और उनके परिवार ने देश का बहुत नुकसान किया है। इस तरह आज भी बात करते हैं। स्टाक मार्केट की जांच करा लो, अमेरिका को देश के मामलों में हस्तक्षेप करना चाहिए, इससे मेरा खून खौलता है। हमारा हक है कि देश इस परिवार के चंगुल से निकले, अब निकल भी चुका है। ब्यूरो

## मोदी के पीएम बनने के बाद बदली मेरी जिंदगी

कंगना ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मेरी जिंदगी ने बड़ा टर्न लिया। उनके आने से हमें लगा कि देश और हिन्दू धर्म के लिए गर्व करना चाहिए। इससे पहले हिन्दी टाइप, देशभक्त टाइप बन चुके थे। इससे हम परेशान थे, इसीलिए मैं कहती हूं कि हमें स्वतंत्रता तब मिली जब अपने लोगों को चुना। इसे मानसिक स्वतंत्रता भी मैं कहती हूं। संसद में पहुंचने पर अब भी सीख रही हूं।

# जाति जनगणना बेहद जरूरी : सचिन पायलट

**किस क्षेत्र में कौन से लोग हैं, वंचित वर्ग कौन है...उनकी पहचान बेहद जरूरी है**



**गुरुग्राम।** संवाद कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जाति जनगणना कराने के सवाल पर सचिन पायलट ने इसे बेहद जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि बजट बनाते समय यह कैसे पता चलेगा कि किस क्षेत्र में कौन से लोग हैं, वंचित वर्ग कौन है, उनकी पहचान जरूरी है। इसके अलावा अमीर-गरीब और गांव शहर का फर्क पता करने के लिए जाति जनगणना जरूरी है। जब तक आंकड़ा नहीं होगा तो कैसे पता चलेगा कि किसे कितना पैसा देना है।

किसानों की बात करते हुए सचिन ने कहा कि उनकी सरकार एमएसपी की गारंटी लेती है। छत्तीसगढ़ चुनावों के दौरान कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में एमएसपी गारंटी की बात कही थी, जहां तक भाजपा सरकार की बात है, किसानों ने सिंघु बॉर्डर पर एक साल से ज्यादा तक आंदोलन किया। इसके बाद सरकार ने किसानों की मांगों को माना। दस साल तक भाजपा सरकार को मौका दिया। इसके बाद भी किसानों को क्या मिला। न एमएसपी, न सस्ते बीज और न ही सस्ता खाद उपलब्ध करवाया जा रहा है। हिन्दू-मुसलमान और राम के नाम पर कब तक वोट मांगा जाएगा। ब्यूरो

## पेपर लीक, भ्रष्टाचार के मुद्दों से हुआ फायदा

पेपर लीक, भ्रष्टाचार समेत बाकी मुद्दों से पार्टी को फायदा हुआ। उत्तर-भारत के कई राज्यों में कांग्रेस की स्थिति मजबूत हुई है। हरियाणा, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर में हम सरकार बनाने जा रहे हैं। जब से राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बने हैं, तब से सरकार डरी हुई है। अब सरकार को पता चल गया है कि विपक्ष मजबूत है, जवाब देना पड़ेगा। सांसद में संख्या बल न होने से कई बिल वापस करने पड़े। अगली बार राजस्थान में भी सचिन ने सरकार बनाने का दावा किया।

## दलीप ट्रॉफी में पहले दौर के मैच नहीं खेलेंगे सूर्यकुमार

*मुंबई। भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव दाएं हाथ में लगी चोट के कारण पांच सितंबर से शुरू हो रही दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के मैच नहीं खेल सकेंगे। सूर्यकुमार ने कोयंबटूर में तमिलनाडु क्रिकेट संघ एकादश के खिलाफ मुंबई के लिए बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट खेला था। वह चोट के कारण आखिरी दिन नहीं खेल सके। सूर्यकुमार को पांच से आठ सितंबर तक अनंतपुर में भारत-डी के खिलाफ भारत-सी के लिए खेलना है। एजेंसी*



# सुमित ने रचा इतिहास, फिर स्वर्णिम थ्रो

## रिकॉर्ड प्रदर्शन : पैरालंपिक खिताब का बचाव करने वाले पहले भारतीय पुरुष

**पेरिस।** भारत को दिन का दूसरा स्वर्ण सुमित अंतिल ने भालाफेंक की एफ-64 स्पर्धा में दिलाया। वह पहले भारतीय पुरुष हो गए हैं जिन्होंने पैरालंपिक में अपने खिताब का बचाव किया है। ओवरऑल वह महिला निशानेबाज अवनि के बाद लगातार पैरालंपिक स्वर्ण जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं।

सुमित ने टोक्यो में भी स्वर्ण पदक जीता था। छब्बीस साल के विश्व रिकॉर्डधारी हरियाणा के सुमित ने 70.59 मीटर का थ्रो फेंका। ऐसा कर उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक के 68.55 मीटर के अपने ही पैरालंपिक रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। हरियाणा निवासी 26 साल के सुमित के नाम 73.29 का विश्व रिकॉर्ड है।

**दूसरे प्रयास में श्रेष्ठ थ्रो :** सुमित ने 69.11 मीटर के थ्रो के साथ शुरुआत की। दूसरे प्रयास में वह अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो करने में सफल रहे। इसके बाद उन्होंने तीसरे प्रयास में 66.66 मीटर का थ्रो किया, जबकि चौथा प्रयास उनका फाउल रहा। फिर उन्होंने 69.04 मीटर का थ्रो किया और छठे तथा अंतिम प्रयास में 66.57 मीटर का थ्रो किया। भारत के एक अन्य एथलीट संदीप ने एफ-44 वर्ग में 62.80 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका और वह चौथे स्थान पर रहे, जबकि संदीप संजय ने 58.03 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया और वह सातवें स्थान पर रहे। एजेंसी



■ सुमित अंतिल ने 2023 और 2024 की विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीते थे।

**70.59**

मीटर का थ्रो फेंका सुमित अंतिल ने अपने दूसरे प्रयास में

### दो स्वर्ण जीतने वाले तीसरे भारतीय

सुमित अंतिल पैरालंपिक में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले तीन भारतीय खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गए। इससे पहले निशानेबाज अवनि लेखरा ने दस मीटर एयर राइफल की एसएच-1 स्पर्धा में टोक्यो और पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीते थे। इसके अलावा भालाफेंक के दिग्गज और भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने भालाफेंक की एफ-46 स्पर्धा में 2004 एथेंस और 2016 रियो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता।

### बचपन में छिना पिता का साया, दुर्घटना में गंवाया था पांव

सुमित जब सात साल के थे, तब एयरफोर्स में तैनात पिता रामकुमार की बीमारी से मौत हो गई। पिता का साया उठने के बाद मां निर्मला ने हर दुख सहते हुए चारों बच्चों का पालन-पोषण किया। उसके बाद 17 साल की उम्र में जनवरी 2015 में सुमित ट्यूशन लेकर बाइक से वापस आ रहे थे तभी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सुमित को टक्कर मार दी। इस हादसे में सुमित को अपना एक पैर गंवाना पड़ा। पहले वह पहलवान बनना चाहते थे लेकिन हादसे के बाद उन्होंने पैरा खेलों की भालाफेंक स्पर्धा को अपनाया।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 42 | 29 | 14 | 85 |
| ब्रिटेन | 29 | 14 | 10 | 53 |
| अमेरिका | 13 | 19 | 10 | 42 |
| ब्राजील | 12 | 08 | 17 | 37 |
| फ्रांस | 10 | 10 | 13 | 33 |
| ऑस्ट्रेलिया | 08 | 09 | 12 | 29 |
| इटली | 08 | 07 | 13 | 28 |
| नीदरलैंड | 07 | 03 | 04 | 14 |
| उज्बेकिस्तान | 06 | 04 | 04 | 14 |
| भारत* | 03 | 05 | 06 | 14 |

*ताजा अपडेट तक भारत पैरालंपिक की पदक तालिका में 15वें स्थान पर था*

## नीतेश को सोना, एसएल-3 में फिर खिताब

### 10 मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ी की ब्रिटेन के बेथेल पर पहली जीत


**पेरिस।** भारत के नीतेश कुमार ने सोमवार को यहां पुरुष एकल एसएल-3 बैडमिंटन फाइनल में कड़े मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को हराकर पैरालंपिक में पहली बार स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के 29 साल के नीतेश ने अपने मजबूत रक्षण और सही शॉट चयन की मदद से टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता बेथेल को एक घंटे और 20 मिनट चले मुकाबले में 21-14 18-21 23-21 से हराया।

नीतेश की जीत के साथ एसएल-3 वर्ग का स्वर्ण पदक भारत के पास बरकरार रहा। टोक्यो में तीन साल पहले जब पैरा बैडमिंटन ने पदार्पण किया था तो प्रमोद भगत ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। नीतेश की टक्कर उस प्रतिद्वंद्वी के साथ थी जिससे वह पिछले नौ मुकाबलों में जीत नहीं सके थे। फाइनल में दोनों के स्टेमिना और कौशल की कड़ी परीक्षा हुई। दोनों के बीच लंबी रैलियां चलीं। पहले ही गेम में 122 शॉट की लगभग तीन मिनट की रैली चली। भारतीय खिलाड़ी ने तेजतर्रार रिटर्न लगाए और नेट पर सटीक ड्रॉप शॉट खेले। नीतेश सशस्त्र सेना और क्रिकेटर विराट कोहली से प्रेरित हैं। एजेंसी



नीतेश कुमार

### दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय शटलर सुहास



रजत पदक के साथ सुहास

पैरा शटलर और 2007 बैच के आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई को एसएल 4 स्पर्धा के फाइनल में फ्रांस के लुकास माजूर से 9-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। सुहास इतिहास रचने में सफल रहे। उन्हें लगातार दूसरे पैरालंपिक में रजत मिला और वह पैरालंपिक में दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हो गए। महिला एकल एसयू-5 में तुलसीमति को फाइनल में चीन की येंग से 17-21, 10-21 से हार के बाद रजत से संतोष करना पड़ा। मनीषा ने डेनमार्क की कैथरीन को 21-12, 21-8 से हरा कांस्य जीता।

## न्यूज डायरी

### गठिया से जूझ रही हैं साइना संन्यास पर लेंगी जल्द फैसला

**नई दिल्ली।** भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने खुलासा किया है कि वह गठिया रोग से जूझ रही हैं और उन्हें इस साल के अंत तक इस खेल में अपने भविष्य के बारे में फैसला करना होगा क्योंकि इस बीमारी के कारण उनके लिए सामान्य दिनों की तरह अभ्यास करना मुश्किल हो गया है। एजेंसी




### पाकिस्तान से टेस्ट श्रृंखला जीत के करीब बांग्लादेश

**रावलपिंडी।** बांग्लादेश के युवा तेज गेंदबाजों हसन महमूद (5/43) और नाहिद राणा (4/44) ने आपस में नौ विकेट साझा करते हुए दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन पाकिस्तान की दूसरी पारी को सोमवार को यहां दूसरे सत्र में 172 रन समेट दिया। बांग्लादेश ने जीत के लिए 185 रन का पीछा करते हुए अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 42 रन बना लिए। टीम को जीत के लिए और 143 रन की जरूरत है। एजेंसी


### नागल स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले से हटे

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पीठ की चोट के कारण स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले से सोमवार को हट गए। भारत और स्वीडन के बीच प्रतियोगिता 14-15 सितंबर को खेली जाएगी। नागल ने कहा, डॉक्टरों ने मुझे अगले दो सप्ताह तक आराम करने की सलाह दी है। एजेंसी



### भारतीय फुटबाल टीम की भिड़ंत आज मॉरीशस से

**हैदराबाद।** विश्वकप क्वालिफायर में निराशा को पीछे छोड़ते हुए भारतीय पुरुष फुटबाल टीम मंगलवार को यहां इंटरकांटिनेंटल कप के पहले मैच में जब मॉरीशस के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश नए मुख्य कोच मोनालो मार्केज के नेतृत्व में दमदार आगाज करने की होगी। साथ ही मार्केज की रणनीति की भी परीक्षा होगी। यहां पर इंटरकांटिनेंटल कप के लिए मॉरीशस और सीरिया के खिलाफ मैच होंगे। मार्केज ने कहा, इन मैचों से एशियाई कप क्वालिफायर जैसे अहम आयोजन के लिए तैयारियां मजबूत होती हैं। एजेंसी



कोच मार्केज

## योगेश के खाते में दूसरा रजत

**पेरिस।** भारतीय चक्का फेंक खिलाड़ी योगेश कथुनिया ने सोमवार को पैरालंपिक खेलों में लगातार अपना दूसरा रजत पदक जीता है। हरियाणा के 27 वर्षीय खिलाड़ी ने पुरुषों के एफ-56 चक्का फेंक स्पर्धा में 42.22 मीटर का सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया।

**चांदी से संतुष्टि नहीं :** योगेश अपने प्रदर्शन से बहुत खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'प्रतियोगिता ठीक रही, मुझे रजत मिला। मैं अब पदक का रंग बदलने के लिए कड़ी मेहनत करूंगा। कुछ समय से केवल रजत जीत रहा हूं। अधिक मेहनत करने की जरूरत है। मुझे स्वर्ण चाहिए।

**मां की है महिमा :** योगेश बचपन में व्हीलचेयर की मदद से चलते थे पर अपनी मां मीना देवी की मदद से वह बाधाओं पर काबू पाने में सफल रहे। उनकी मां ने फिजियोथेरेपी सीखी ताकि वह अपने बेटे को फिर से चलने में मदद कर सके। एजेंसी



एफ-56 वर्ग की स्पर्धा में चक्का फेंकते योगेश।

## अवनि ने पीएम मोदी से कहा, आपसे मिली प्रेरणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरालंपिक में लगातार दूसरी बार स्वर्ण जीतने वालीं शूटर अवनि लेखरा को फोन पर बधाई दी। मोदी ने अवनि से कहा कि आपको बधाई। आप बहुत अच्छा कर रही हैं। इस दौरान अवनि ने प्रधानमंत्री से कहा, मुझे पदक जीतने के बाद काफी अच्छा लग रहा है। मैं दूसरी बार पैरालंपिक में आई हूं। शुरू में थोड़ी घबराहट थी, लेकिन आपने बोला था कि उम्मीदों का बोझ नहीं लेना है और उसी हिसाब से मैंने किया। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आपने शानदार प्रदर्शन किया है। आपको मेरी ओर से बहुत बधाई और आशीर्वाद है। वहीं, मोदी ने ऊंची कूद की टी-47 स्पर्धा में रजत जीतने वाले निषाद कुमार को भी बधाई दी। एजेंसी





## शीतल-राकेश की जोड़ी को कांस्य

### इटली की इलेओनारा और मैटो को 156-155 से हराया

**पेरिस।** शीतल देवी और राकेश कुमार की भारतीय जोड़ी ने सोमवार को यहां पेरिस पैरालंपिक की मिश्रित टीम कंपाउंड ओपन तीरंदाजी स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया।

भारतीय जोड़ी ने कांस्य के प्ले ऑफ में इटली की जोड़ी इलेओनारा व मैटो बोनसिना को 156-155 से पराजित किया। इससे पहले भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में हार गई थी। फिर उन्हें कांस्य के लिए खेलने का मौका मिला। शीतल व राकेश ने क्वार्टर फाइनल में तियोडोरा और केन की इंडोनेशिया की जोड़ी को 154-143 से हराया। एजेंसी



भारतीय पैरा तीरंदाज शीतल देवी और राकेश कुमार। एजेंसी

## मोहन बागान ने ईस्ट बंगाल को शूटआउट में 3-2 से हराया

**लखनऊ।** सात दशकों के इंतजार के बाद यूपी में फुटबाल की धमाकेदार वापसी हुई। मौका था देश के शीर्ष क्लब ईस्ट बंगाल और मोहन बागान के बीच हुए चीफ मिनिस्टर कप मुकाबले का, जहां मोहन बागान ने शूटआउट तक खिंचे मुकाबले में 3-2 से जीत दर्ज की। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर रहा। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सोमवार को फ्लड लाइट की रोशनी में खेले गए मुकाबले को लेकर रोमांच देखते ही बना। दोनों टीमों के फुटबालरों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इस महा-मुकाबले को और बड़ा बना दिया। परिणाम के लिए पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया, जिसमें मोहन बागान ने अपने गोलकीपर अभिषेक के बेहतरीन बचाव से 3-2 से बाजी मारते हुए मुकाबला जीत लिया। ब्यूरो



**टेनिस** साल के आखिरी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में लगातार खिताब नहीं जीत पाने का सिलसिला जारी

## नवारो ने चैंपियन गॉफ को किया यूएस ओपन से बाहर

**न्यूयॉर्क।** गत चैंपियन कोको गॉफ का यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान अंतिम-16 में ही थम गया। शुक्रवार को मौजूदा पुरुष चैंपियन नोवाक भी हारकर बाहर हो गए थे। गॉफ ने 19 डबल फॉल्ट किए जिसका आखिर में उन्हें खामियाजा हार के रूप में भुगतना पड़ा। एमा नवारो ने उन्हें 6-3, 4-6, 6-3 से पराजित कर दिया।

साल के आखिरी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट यूएस ओपन में लगातार खिताब नहीं जीत पाने का सिलसिला जारी है। महिला एकल में ऐसा करने वाली पिछली खिलाड़ी सेरेना विलियम्स थीं जिन्होंने 2012 से 2014 तक खिताब जीते थे। पुरुष में ऐसा कारनामा रोजर फेडरर ने 2004 से 2008 तक किया था। एजेंसी



अंतिम-16 के मुकाबले में नवारो के खिलाफ रिटर्न करतीं गॉफ। एजेंसी

### जोकोविच को हराने वाले पोपिरिन का सफर थमा

पुरुष वर्ग में जोकोविच को हराने वाले 28 वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन का सफर भी लंबा नहीं चल पाया। उन्हें अंतिम-16 के मैच में फ्रांसिस टियाफो ने 6-4, 7-6 (3), 2-6, 6-3 से हरा दिया। तियाफो ने कहा, सेरेना की बातचीत से काफी प्रोत्साहन मिला। टियाफो का अगला मैच दिमित्रोव से होगा जिन्होंने एंड्री रुबलेव को 6-3, 7-6 (3), 1-6, 3-6, 6-3 से हराया।



■ भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन की जोड़ी यूएस ओपन के तीसरे दौर में पुरुष युगल में गोंजालेज और आंद्रेस की अर्जेंटीना की जोड़ी से 66 मिनट में 1-6, 5-7 से हार गई।


अमर उजाला

संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी

नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी

अमर उजाला लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मृत्युंजय कुमार सिंह द्वारा अमर उजाला लिमिटेड 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित व इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग & पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर- 59, नोएडा-201301 से मुद्रित।

संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली

फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHI/2003/09919


# बिंदास


ENTERTAINMENT **PROMOTIONAL** FEATURE

**दक्षिण मुंबई के जिस अस्पताल में दीपिका पादुकोण ने अपने बच्चे के स्वागत का इंतजाम कराया है, उसके मुताबिक वह 28 सितंबर को मां बन सकती हैं। दीपिका के मां बनने की जानकारियों को लेकर फिल्म जगत काफी जोश में है।**

## महीने के आखिरी हफ्ते में दीपिका के घर गूंजेगी किलकारी

लंदन या बंगलूरु नहीं, मुंबई में होगा पहले बच्चे का जन्म

**सितंबर** के महीने में हिंदी सिनेमा की हीरोइन दीपिका पादुकोण के किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखने की संभावना कम ही है। यह महीना उनके घर में पारिवारिक सदस्य की किलकारियों का है। बच्चे का नाम रणदीप होगा या रणदीपा, इसे लेकर उन पैपराजियों में अभी से बहस छिड़ी हुई है, जो बच्चे के चाचा या मामा होने की पर्चियां निकाल रहे हैं। फरवरी में रणवीर सिंह और दीपिका ने सितंबर में घर के नए सदस्य के आने की उम्मीद जाहिर की थी। महीने के पहले सोमवार की खबर यह रही कि यह सदस्य महीने के आखिर तक आएगा और इसका जन्म भारत की ही धरती पर होगा। दीपिका ने वे सारे अनुमान दरकिनार कर दिए हैं, जिनके मुताबिक वह अपने बच्चे को लंदन में जन्म देने वाली थीं। हां, वह बच्चे को जन्म मायके बंगलूरू में देंगी या ससुराल मुंबई में, इसे लेकर चर्चाएं अब भी जारी हैं। सूत्र बताते हैं कि दीपिका की डिलीवरी मुंबई में ही कराने के सारे इंतजाम किए जा चुके हैं। अस्पताल बुक है। रणवीर अपनी सारी शूटिंग पहले ही स्थगित कर चुके हैं। दीपिका ने भी सितंबर से लेकर मार्च तक किसी भी शूटिंग में हिस्सा नहीं लेने का फैसला काफी पहले से कर रखा है। दक्षिण मुंबई के जिस अस्पताल में दीपिका पादुकोण ने अपने बच्चे के स्वागत का इंतजाम कराया है, उसके मुताबिक वह 28 सितंबर को मां बन सकती हैं। दीपिका के मां बनने की जानकारियों को लेकर मुंबई फिल्म जगत काफी जोश में है। उनके करीबी कलाकार अभी से इस बारे में खूब चर्चाएं कर रहे हैं। लाखों की शर्त सिर्फ इस बात पर लग रही है कि दीपिका और रणवीर के घर बेटा जन्म लेगा या बेटी? रणवीर सिंह इन दिनों दीपिका का खूब ख्याल रख रहे हैं और दीपिका के घर वाले भी लगातार उनके साथ बने हुए हैं।



**सब मंगल मंगल हो!**

## एक बार जो मैंने कमिटमेंट कर दी..!

सलमान खान के तमाम मशहूर संवादों में एक संवाद यह भी है कि "एक बार जो मैंने कमिटमेंट कर दी तो फिर मैं अपने आप की भी नहीं सुनता !" और, इसी संवाद को अक्षरशः लागू करते वह दिखे अपनी अगली फिल्म 'सिकंदर' के सेट पर। सलमान की एक तस्वीर सोमवार को खूब वायरल हुई, जिसमें वह कथित रूप से इस फिल्म की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं।



**दही** हांडी के एक कार्यक्रम के दौरान सलमान के पहली बार में ही सोफे से उठकर खड़े न होने पर उनकी उम्र ढलने और उनके शारीरिक रूप से कमजोर होने की खबरें खूब चलीं। फिर, बताया गया कि सलमान की पसलियों में शूटिंग के समय चोट लगी है, इसके चलते उन्हें दिक्कत हुई। सलमान ने इस चोट के बावजूद फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग जारी रखी है। फिल्म के निर्देशक हैं ए आर मुरुगादॉस और रश्मिका मंदाना पहली बार इस फिल्म में सलमान की हीरोइन बनी हैं।

टिकट खिड़की पर इन दिनों बस श्रद्धा कपूर की 'स्त्री 2' का ही शोर है। कुछ शोर राजकुमार राव, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी भी इस फिल्म की सफलता में अपने-अपने हिस्से की क्रेडिट के लिए मचा रहे हैं।

## पहली महिला प्रधान 500 करोड़ी फिल्म 'स्त्री 2'

**टिकट खिड़की**



**निर्माता** दिनेश विजन उतावले फिल्मकार हैं। उन्हें अपनी सफल फिल्मों को दूसरों से बेहतर सफल फिल्म बनाने की जल्दी है। ट्रेड सूत्रों के मुताबिक, श्रद्धा कपूर की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म 'स्त्री 2' ने रिलीज के तीसरे रविवार यानी रिलीज के 18वें दिन तक 480.05 करोड़ रुपये कमाए हैं, लेकिन राजकुमार राव ने अपना नाम तमाम वेबसाइट्स पर पांच सौ करोड़ी हीरो वाली लिस्ट में पहले ही लिखा लिया है। पहले हफ्ते में 291.65 करोड़ रुपये कमाने वाली फिल्म 'स्त्री 2' ने दूसरे हफ्ते में 141.40 करोड़ रुपये की कमाई की और इसका तीसरा सप्ताहांत 47 करोड़ रुपये का रहा है। सबसे तेज पांच सौ करोड़ रुपये कमाने का रिकॉर्ड अभी तक शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' के नाम है, जिसने रिलीज के 13वें दिन यह रिकॉर्ड हासिल किया। रणबीर कपूर की 'एनिमल' को यहां तक पहुंचने में 16 दिन लगे और 'पठान' ने रिलीज के 22वें दिन यह तमगा हासिल किया था। उधर, अभिनेता जॉन अब्राहम की फिल्म 'वेदा' ने उन्हें अपने कॅरिअर में 17 साल पीछे वहां पहुंचा दिया है, जहां उनकी फिल्म 'सलाम ए इश्क' ने साल 2007 में पहले हफ्ते में करीब 16.50 करोड़ रुपये कमाए थे। 'वेदा' पहले हफ्ते में सिर्फ 17.20 करोड़ ही कमा सकी। 'खेल खेल में' करीब 29 करोड़ रुपये कमाकर सिनेमाघरों से उतरने लगी है। साउथ सिनेमा के अभिनेता नानी की फिल्म 'सरीपोधा शनिवारम्' का हिंदी संस्करण दर्शकों ने नकार दिया है, यह फिल्म रिलीज के पहले तीन दिन में सिर्फ 32 लाख रुपये ही कमा सकी।

लेटेस्ट वीडियो, फोटो और खबरों के लिए क्लिक करें amarujala.com/entertainment

